उज्जैन
बुधवार
13
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-189
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



कांस-2026 शुरू, आलिया भट्ट ओपनिंग सेरेमनी में पहुंचीं उर्वशी रौतेला का लुक भी सामने आया; 40 साल पुरानी फिल्म दिखाई जाएगी; चप्पल पहनना, पर्स रखना मना

पेज- 8

## ईरान के खिलाफ हर हाल में जंग जीतेंगे, वे समझौता करेंगे या तबाह हो जाएंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी संघर्ष में अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद है। ट्रम्प ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में ईरान युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट पर भी चर्चा होगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि व्यापार दोनों नेताओं की बैठक का मुख्य मुद्दा रहेगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह खर्च सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर हुआ है।

## सोना 10,000 रुपये और चांदी 18,000 रुपये महंगी हुई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को वायदा बाजार यानी एमसीएक्स पर सोना 10 हजार और चांदी 18 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 1.63 लाख रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 2.97 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। अमेरिकी-ईरान जंग के बीच सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने सोने पर 10% बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5% एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है।

## पीएम के रूट पर विस्फोटक के बाद अब टाइमर मिला



**बेंगलुरु।** पीएम मोदी के 10 मई को बेंगलुरु दौरे के दौरान मिलीं जिलेटिन की छड़ों के बाद अब ऐसे अतिरिक्त सामान भी बरामद हुए हैं, जिनसे धमाका ट्रिगर किया जा सकता है। पुलिस को तीन दिन बाद वहीं से एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और टाइमर मिला है। ये सामग्री एक गत्ते के डब्बे में थीं। पुलिस ने आशंका जताई कि जिन लोगों ने इसे वहां रखने की कोशिश की, वे इसे असेंबल (जोड़) नहीं पाए। प्रधानमंत्री 10 मई को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के 45वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। विस्फोटक सामग्री कार्यक्रम स्थल के पास कागलीपुरा इलाके के पास से बरामद की गई थी।

## विपक्ष का नेता रबर स्टैंप नहीं सीबीआई डायरेक्टर सिलेक्शन पर असहमति- राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मंगलवार को पीएम आवास पर हुई मीटिंग में नए सीबीआई डायरेक्टर के सिलेक्शन पर अपनी असहमति दी है। राहुल ने आरोप लगाया कि चयन के लिए जिन 69 उम्मीदवारों की लिस्ट दी है। उनकी डिटेल उपलब्ध नहीं कराई। राहुल ने कहा- सीबीआई डायरेक्टर का सिलेक्शन प्रोसेस सिर्फ एक फॉर्मेलिटी बना दिया गया। मैं इस पक्षपातपूर्ण काम में शामिल होकर अपनी संवैधानिक ड्यूटी से पीछे नहीं हट सकता। लेकिन कड़े शब्दों में अपनी असहमति जताता हूं। प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई इस बैठक में भारत के मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत और राहुल गांधी शामिल हुए थे। बैठक करीब एक घंटे चली। मीटिंग से निकलने के बाद राहुल ने सोशल मीडिया पर एक लेटर शेयर किया।

# नीट पेपर लीक, गुरुग्राम से बीएएमएस स्टूडेंट पकड़ा

### पूछताछ के लिए राजस्थान ले गई पुलिस, क्वेश्चन पेपर दूसरों तक पहुंचाने का शक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुरुग्राम

नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में राजस्थान की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम ने गुरुग्राम से एक इअटर स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया युवक फर्रुखनगर इलाके के खुरमपुर गांव का रहने वाला यश है। पुलिस टीम को शक है कि यश पेपर लीक नेटवर्क का हिस्सा है।

वह जीरा देवी मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर का छात्र है। वह सीकर में रहता था। यहीं से उसने कोचिंग ली। ऐसा माना जा रहा है कि वहीं से वह कुछ लोगों के संपर्क में आया। एसओजी की टीम ने तकनीकी इनपुट और गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार रात को खुरमपुर गांव में दबिश दी। उस समय यश घर पर ही मौजूद था। पहले उससे घर पर ही पूछताछ की गई, जिसके बाद टीम उसे अपने साथ राजस्थान ले गई। दरअसल, पेपर लीक की आशंका के चलते एनटीए ने 12 मई नीट एग्जाम को रद्द करने का फैसला लिया है। अब इस पूरे मामले की जांच एसबीआई को सौंप दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, यश पेपर लीक करने वाले मुख्य गिरोह और परीक्षार्थियों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम कर रहा था। पुलिस को आशंका है कि यश के पास परीक्षा से पहले ही क्वेश्चन पेपर या उसके आंसर आ चुके थे, जिसे उसने अन्य कड़ियों तक पहुंचाया। राजस्थान में दर्ज मुख्य मुकदमे के तहत अब यश से गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि इस रैकेट में शामिल अन्य डॉक्टरों, छात्रों और कोचिंग सेंटरों के मालिकों को बेनकाब किया जा सके। टीम यश के बैंक खातों, मोबाइल कॉल डिटेल और हालिया मुलाकातों को खंगाल रही है ताकि वित्तीय लेन-देन के पुख्ता सबूत जुटाए जा सकें।




### 15 लाख तक में डील हुई

एसओजी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम में सक्रिय सिंडिकेट ने इस पेपर को बड़े पैमाने पर भुनाने की योजना बनाई थी। संदिग्धों ने एक-एक पेपर की कॉपी 10 से 15 लाख रुपए में बेची। एसओजी ने इन पैसों के लेन-देन के पुख्ता डिजिटल और दस्तावेजी सबूत सीबीआई के साथ साझा कर दिए हैं।

## अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक का लखनऊ में निधन

### 38 साल के थे, पत्नी अपर्णा भाजपा नेता सपा प्रमुख पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। प्रतीक की पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा फिलहाल असम में हैं। वे लखनऊ के लिए रवाना हो गई हैं। अभी मौत की वजह पता नहीं चल सकी है। शव का पोस्टमॉर्टम किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, यानी केजीएमयू में कराया गया। यहां से शव प्रतीक के घर ले जाया जाएगा।

## विजय सरकार को 122 विधायकों का समर्थन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा में आज सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कड़गम सरकार का फ्लोर टेस्ट चल रहा है। सीएम विजय की पार्टी को वीसीके, सीपीआई(एम), आईयूएमएल और कांग्रेस ने समर्थन दिया है। इसके अलावा एएमएमएके से निष्कासित पार्टी के इकलौते विधायक एस. कामराज ने भी विजय के सपोर्ट में आ गए हैं। अब टीवीके के पास 122 विधायक हो गए हैं। यह 118 के बहुमत से 4 ज्यादा है। 234 सदस्यों की विधानसभा में टीवीके के पास 107 विधायक हैं। विजय दो सीटों से चुनाव जीते थे, उन्होंने एक सीट से इस्तीफा दे दिया है। एक दिन पहले खबर आई थी कि एआईएडीएमके के 30 विधायकों का एक गुट विजय को समर्थन दे सकता है। इसके बाद एआईएडीएमके ने पार्टी के सभी 47 विधायकों के लिए व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया कि फ्लोर टेस्ट में टीवीके के खिलाफ वोट दें।

## 8 महीने बाद भी नृत्य शिक्षकों की नियुक्ति नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2024 में शामिल गायन, वादन और नृत्य शिक्षक अभ्यर्थियों का गुस्सा संचालनालय लोक शिक्षण (डीपीआई) में फूट पड़ा।

उज्जैन के साथ ही प्रदेशभर से पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि विभाग जानबूझकर उनकी भर्ती प्रक्रिया रोककर बैठा है, जबकि अन्य सभी विषयों के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करने के साथ ही चॉइस फिलिंग तक शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थियों ने कहा कि उनका रिजल्ट 25 सितंबर 2025 को जारी हुआ था। दिसंबर 2025 में दस्तावेज सत्यापन भी पूरा हो चुका है, लेकिन छह महीने बाद भी न चयन सूची जारी हुई, न चॉइस फिलिंग और न ही जॉइनिंग प्रक्रिया आगे बढ़ी। इधर नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 1144 पदों पर परीक्षा प्रदर्शन में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सतना, धार, मंदसौर समेत प्रदेश के लगभग सभी जिलों के अभ्यर्थी पहुंचे। उनका कहना था कि 1144 पदों के लिए हुई परीक्षा में 5 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। चयन परीक्षा नियम पुस्तिका के बिंदु 3.28 के तहत समय पर नियुक्ति नहीं होने पर विभाग और अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

### मध्य प्रदेश में मिलावटी हल्दी के बाद

## छत्तीसगढ़ में मिला 9 कार्टून नकली मीट मसाला जब्त



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बिलासपुर

एक बार फिर नकली एवरेस्ट मीट मसाला की बड़ी खेप पकड़ी गई है। खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग की टीम ने व्यापार विहार के मारुति गुड्स गैरेज में छापा मारा। यहां पर लगभग 50 हजार रुपये कीमत के नौ कार्टून मसाला जब्त किया गया है। वहीं नकली मसाला की पुष्टि करने के लिए सैंपल लेकर जांच के लिए रायपुर स्थित लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एवरेस्ट कंपनी के प्रतिनिधि ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को जानकारी दी कि व्यापार विहार के मारुति गुड्स गैरेज में बड़ी मात्रा में एवरेस्ट कंपनी के नाम से नकली मीट मसाला रखा गया है। इसे खपाने की कोशिश की जा रही है। शिकायत के बाद खाद्य औषधि प्रशासन विभाग के फूड कंट्रोलर आरआर देवांगन, खाद्य निरीक्षक अविशा मरावी, खाद्य निरीक्षक खीर सागर पटेल की टीम मंगलवार की दोपहर श्री मारुति गुड्स गैरेज पहुंची।

गैरेज में रखे सामान की जांच में नौ कार्टून में एवरेस्ट का मीट मसाला निकला। तब टीम ने एवरेस्ट कंपनी के प्रतिनिधि को बुलाया और पैकेट की जांच करने को कहा। जांच के बाद प्रतिनिधि ने बताया कि यह नकली एवरेस्ट मसाला है।

## राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री पार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राजस्थान में मंगलवार को रिकॉर्ड गर्मी रही। पांच जिलों में 45 डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। बाड़मेर लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां पारा 48.3 डिग्री रहा। फलोदी में 46.4 डिग्री, जैसलमेर में 45.8 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 45.6 डिग्री और बीकानेर में 45 डिग्री तापमान रहा।

मध्य प्रदेश में दो तरह का मौसम देखने को मिला। एक तरफ रतलाम लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म शहर रहा, यहां पारा 46.5 डिग्री रहा। वहीं, निवाड़ी जिले के बीजौर में तेज आंधी और बारिश के साथ ओले गिरे।



## खबर एक नजर...

### भाई और मामा के हिरासत में आने पर मिली नाबालिग

**उज्जैन।** पानबिहार चौकी क्षेत्र से 6 माह पहले लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने उज्जैन से दस्तयाब कर लिया। नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने दीपक मालवीय पर बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 3 दिन पहले पता चला था कि नाबालिग को ले जाने वाले दीपक मालवीय की मदद उसका भाई संदीप मालवीय और मामा सोनू कर रहा है। चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि संदीप और सोनू को हिरासत में लेकर उन्हे आरोपी बनाया गया और पूछताछ के लिये अपहरण के मामले में जेल भेज दिया था। जिसके बाद दीपक मालवीय नाबालिग को लेकर उज्जैन नानाखेड़ा पहुंचा था। जिसकी जानकारी मिलने पर टीम रवाना की गई। नाबालिग को छोड़ दीपक मालवीय भाग निकला था। नानाखेड़ा बस स्टेंड से नाबालिग को दस्तयाब कर चौकी लाया गया। जहां बयान दर्ज करने पर दीपक मालवीय को अपहरण के साथ नाबालिग के साथ गलत काम करने का आरोपी बनाया गया है। नाबालिग के अनुसार दीपक उसे झांसा देकर ले गया था और भोपाल-इंदौर में किराये के मकान रखा। चौकी प्रभारी के अनुसार नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द किया गया है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

### 0.8 मिमी के 12 रुद्राक्ष पर उकेरे 12 ज्योतिर्लिंग, वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया



**उज्जैन।** शहर के कलाकार दर्शन पंचाल ने 0.8 मिमी आकार के 12 रुद्राक्ष पर 0.7 मिमी के 12 ज्योतिर्लिंग तैयार कर सूक्ष्म कला में नया कीर्तिमान बनाया। इस उपलब्धि के साथ उनका नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। पंचाल ने एक्रेलिक रंग से यह काम 1 घंटा 30 मिनट में पूरा किया। इतनी सूक्ष्म आकृति बनाना सामान्य आंखों से लगभग असंभव माना जाता है।

### वार्षिकोत्सव में हुई खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

**उज्जैन।** पॉलिटेक्निक कॉलेज में 8 और 9 मई को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के तहत खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं। 9 मई को हुए पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य आरके हरदहा ने की। मुख्य अतिथि जिला संगठक एनएसएस डॉ. प्रदीप लाखरे, महानगर मंत्री एबीवीपी सिद्धार्थ यादव थे। वार्षिकोत्सव में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लवकुश धाकड ने किसान के किरदार में पहला स्थान, जया कुमावत ने राजस्थानी महिला के रूप में दूसरा स्थान और भूमिका मावी ने आदिवासी महिला के किरदार में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### मौन तीर्थ में पड़े रावतपुरा सरकार के चरण....कहा-यहां आत्मिक शांति का अनुभव

**उज्जैन।** गंगाघाट स्थित मौन तीर्थ परिसर में संत रावतपुरा सरकार का आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने तीर्थ परिसर का भ्रमण किया और कहा कि यह स्थान धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केन्द्र तो है ही वहीं यहां आकर आत्मिक शांति का भी अनुभव होता है। मौन तीर्थ के जनसंपर्क अधिकारी शीतलकुमार अक्षय ने बताया कि रावतपुरा सरकार ने कलीपावन अवतार पूज्य मौनी बाबा की समाधि पर पुष्प अर्पित किये वहीं मौन तीर्थ परिसर स्थित अन्य प्रमुख मंदिरों में भी पहुंचकर पूजा अर्चना संपन्न किया । मौन तीर्थ की तरफ से रावतपुरा सरकार का अभिनंदन भी भारत भूषण शर्मा और अनिल गुरु जी द्वारा किया गया।

### नरवर में फसल चौपट करने वाली नीलगायों को जिले से बाहर छोड़ेंगे

# अफ्रीकन बोमा पद्धति से होगा रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फसलों को बर्बाद करने वाली नीलगाय (रोजड़े) को अब जिले से बाहर करेंगे। वन विभाग ने प्लानिंग कर चंदेसरा से लेकर नरवर तक के क्षेत्र को चुना है। ?सर्वे करवाकर नीलगायों को ट्रैक करना भी शुरू कर दिया है। 8-10 और इससे ज्यादा के झुंड में दिखाई देने वाले मवेशियों के रास्ते चिह्नित हो गए हैं।

डीएफओ अनुराग तिवारी के अनुसार रेस्क्यू के लिए सेटअप मंगवा लिया है। चिह्नित पाइंट पर फीट करते हुए जल्द ही नीलगायों को पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए अफ्रीकन बोमा पद्धति का प्रयोग होगा। रेस्क्यू नीलगायों को जिले से बाहर सु?रक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। इनके कारण किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। इसके लिए रेस्क्यू टीम को प्रशिक्षित करते हुए उन्हें तैयार कर दिया है।

**मंदसौर और शाजापुर के बाद उज्जैन में होगा रेस्क्यू:** नीलगायों के रेस्क्यू के लिए करीब 7-8 साल पहले मंदसौर में बोमा पद्धति से पहला रेस्क्यू हुआ था। इसके बाद इसी साल शाजापुर जिले में बोमा पद्धति से हिरणों का रेस्क्यू किया गया। इसमें कुछ नीलगाय भी पकड़ाई थी।

**इनसे जान का भी जोखिम, चार लोगों की मौत हो चुकी-** सिलारखेड़ी निवासी दिलीपसिंह सिसौदिया ने बताया नीलगायों के कारण फसलों के नष्ट होने का खतरा तो है ?ही, अब जान का जोखिम भी खड़ा हो गया। खासकर देवास-बदनावर हाइवे पर तेज स्पीड से निकलने वाले वाहन चालक इन नीलगायों के कारण हादसे का शिकार हो रहे हैं।

खासकर रात के समय ये जानवर सड़क पार करने के लिए अचानक दौड़ लगाते हैं। इस दौरान बाइक व कार से भी टकरा जाने से आए दिन इस तरह के हादसे होने लगे हैं। चंदेसरा से नरवर के बीच ही इस तरह के हादसों में 4 लोग जान तक गंवा चुके हैं।



#### चुनौती : चारों तरफ खुली जगह

उज्जैन में नीलगायों का रेस्क्यू चुनौती रहेगा, क्योंकि जिस क्षेत्र में रेस्क्यू होना है वहां चारों तरफ खुली जगह है। इस कारण बोमा सेटअप लगाना और वहां तक जानवरों को लाने में परेशानी होगी, क्योंकि नीलगाय एक पॉवरफुल अफ्रीकन जानवर है, जो ग्रुप में तो रहता है।

#### महंगे रेस्क्यू के कारण बदलाव

वैसे बोमा ?सेटअप (पिंजरेनुमा सिस्टम) लगाकर हेलीकॉप्टर से मवेशियों को हांका जाता है, लेकिन यह बहुत मंहगा रेस्क्यू है। इस कारण उज्जैन में बोमा सेटअप लगाकर ढोल आदि बचाते हुए शोर मचाते हुए नीलगायों को हांकते हुए टारगेट तक पहुंचाएंगे।

# नीट परीक्षा रद्द होने पर प्रदर्शन

### युवक कांग्रेस ने टावर चौक पर फूंका पुतला, बोले- छात्रों के सपनों से हुआ खिलवाड़

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नीट यूजी परीक्षा रद्द होने होने पर युवक कांग्रेस ने उज्जैन के टावर चौक पर मंगलवार देर शाम प्रदर्शन किया और पुतला दहन कर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने इस धांधली को लेकर सरकार पर निशाना साधा और इस्तीफे की मांग की।

नीट यूजी परीक्षा रद्द होने से छात्रों और युवा संगठनों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। इसी क्रम में युवक कांग्रेस ने केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाए। इसे शिक्षा व्यवस्था की बड़ी विफलता और संगठित भ्रष्टाचार का परिणाम बताया।

युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने कहा कि यह केवल एक परीक्षा रद्द होने का मामला नहीं है, बल्कि देश के 22 लाख से अधिक छात्रों के सपनों और उनके भविष्य के साथ किया गया अन्याय है।



यादव ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट व्यवस्था ने छात्रों की वर्षों की मेहनत, त्याग और समर्पण को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने बताया कि कई परिवारों ने अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने के लिए कर्ज लिया, जबकि कई माता-पिता ने अपने गहने तक बेच दिए।

लाखों छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की, लेकिन इसके बदले उन्हें पेपर लीक, प्रशासनिक लापरवाही और अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। इसी विरोध के तहत उज्जैन के टावर चौक पर युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कार्यकताओं ने नारेबाजी कर प्रशासन और सिस्टम के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अधिकारियों और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ भी नाराजगी करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में चंद्रभान सिंह चंदेल, अजीत सिंह ठाकुर, रहीम लाल, ललित मीना, पोप सिंह, यश जैन, हिमांशु शुक्ला और योगेश दायमा सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होटल केजीसी सेलिब्रेशन पर निगम की कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत उज्जैन नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इसी क्रम में होटल केजीसी सेलिब्रेशन द्वारा गीले कचरे का उचित प्रसंस्करण नहीं करने एवं परिसर में गंदगी पाए जाने पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के अनुसार शहर के बड़े होटल, जो प्रतिदिन 50 किलो से अधिक गीला कचरा उत्पन्न करते हैं, उन्हें स्वयं कंपोस्ट पिट बनाकर गीले कचरे का निष्पादन करना अनिवार्य है। इससे तैयार खाद का उपयोग होटल परिसर एवं गार्डन में किया जा सकता है। लेकिन होटल केजीसी सेलिब्रेशन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते निगम द्वारा चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जोनों में भी स्वच्छता अभियान के तहत कार्रवाई जारी रही। गंदगी फैलाने, मिक्स कचरा देने, डस्टबिन नहीं रखने तथा खुले में कचरा डालने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# कुएं में गिरी गाय को निकालने के लिये किया रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

40 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय को निकालने के लिये मंगलवार देर शाम पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया। करीब 30 मिनट बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

चिंतामण गणेश थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि ग्राम जवासिया स्थित करणसिंह पटेल के खेत में बने 40 फीट गहरे कुएं में शाम को गाय गिर गई थी। कुएं में पानी नहीं था। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर प्रयास किये लेकिन गाय को नहीं निकाला जा सका। शाम 7 बजे के लगभग मामले की सूचना पुलिस को दी गई। एसआई चुन्नीलाल माले, प्रधान आरक्षक गणेश कुमार, आरक्षक हरेन्द्र, राजेश और आशीष के साथ मौके पर पहुंच गाय को निकलने के लिये रेस्क्यू शुरू किया गया। नगर सुरक्षा समिति के संयोजक कमल पांचाल भी मौके पर पहुंच गये थे। इस दौरान कान्ह नदी डायवर्सन में चल रही जेसीबी को बुलाया गया और रस्सी के सहारे करीब 30 मिनट की मशक्क के बाद गाय का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। मौके पर नगर निगम की टीम भी गाय के कुएं में गिरने की सूचना मिलने पर पहुंच गई थी। कुछ दिनों पहले घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर में 55 फीट गहरे कुएं में गाय गिर गई थी। पुलिस टीम ने कुएं का पानी खाली कराने के बाद गाय को बाहर निकालने के लिये रेस्क्यू शुरू किया था और ढाई घंटे में बाहर निकाल लिया था। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी में मवेशी पानी की तलाश में कुएं तक पहुंच रहे है और गिरने की घटना सामने आ रही है।



उज्जैन
बुधवार
13
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

आरोग्य बुद्धि विनयोद्यम शास्त्ररागाः। आभ्यन्तराः पठन सिद्धिकराः भवन्ति।।

अर्थः स्वास्थ्य, बुद्धि, विनय, उद्यम और शास्त्रों के प्रति प्रेम ये पाँच आंतरिक गुण हैं जो पढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

## खबर एक नजर...

### पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या

**इंदौर।** इंदौर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों की मौत के मामलों से सनसनी फैल गई। तुकोगंज में एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर जान दे दी, जबकि आजाद नगर में महिला ने फांसी लगा ली। वहीं हीरानगर इलाके में एक टैंकर ड्राइवर संदिग्ध हालत में मृत मिला। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। तुकोगंज थाना पुलिस के मुताबिक लाला का बगीचा निवासी रामकिशन (50) पुत्र हरिशंकर गणावत सोमवार रात गंभीर रूप से झुलसी हालत में एमवाय अस्पताल लाए गए थे। मंगलवार देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रामकिशन ने पहले अपने तीनों बच्चों को खाना खिलाया और पत्नी से नहाने की बात कहकर नीचे के कमरे में चले गए। कुछ देर बाद उन्होंने खुद को आग लगा ली। बताया जा रहा है कि काम पर नहीं जाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। रामकिशन पेशे से पेंटर थे, लेकिन काफी समय से काम नहीं कर रहे थे। उनकी पत्नी कपड़े की दुकान पर नौकरी करती थी और परिवार की जिम्मेदारी को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी।

### स्ट्रीट डॉग को डंडे से पीटा पिता पुत्र पर एफआईआर

**इंदौर।** कनाड़िया इलाके में एक स्ट्रीट डॉग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। कनाड़िया पुलिस ने प्रमिता गुप्ता की शिकायत पर गिरनार कॉलोनी निवासी राजेंद्र भारती और उसके बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रमिता ने बताया कि वह व्यवसाय करती हैं और उनके घर के सामने एक काले रंग का स्ट्रीट डॉग अक्सर घूमता रहता था। शिकायत के अनुसार, 7 अप्रैल को वह घर के बाहर खड़ी थीं, तभी राजेंद्र भारती डंडा लेकर आया और डॉग को पीटने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें भी धमकाया। घायल डॉग का बाद में निजी अस्पताल में इलाज कराया गया और उसके पैर पर पट्टी बांधकर छोड़ दिया गया। प्रमिता का आरोप है कि 19 अप्रैल को आरोपी पिता-पुत्र ने फिर उसी डॉग पर डंडों से हमला किया। मामले की शिकायत लेकर वह थाने पहुंचीं, लेकिन वहां सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मंगलवार को उन्होंने पीपुल्स फॉर एनिमल की अध्यक्ष प्रियांशु जैन के साथ पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मुलाकात कर शिकायत की। शिकायत के बाद कनाड़िया पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में चोरी:दानपेटी का ढक्कन खोलकर कैश ले गया चोर

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। बदमाश मंदिर की दानपेटी का ढक्कन खोलकर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंदिर के पुजारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। तिलक नगर पुलिस ने विजय त्रिवेदी निवासी पवनपुरी कॉलोनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। विजय ने पुलिस को बताया कि वह बृजेश्वरी मेन स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में पुजारी हैं। सोमवार रात वह रोज की तरह मंदिर में ताला लगाकर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह उन्हें सुनील मालवीय का फोन आया, जिसमें बताया गया कि किसी अज्ञात बदमाश ने मंदिर की दानपेटी का ढक्कन उठाकर उसमें रखे रुपए निकाल लिए हैं। घटना के बाद मंदिर से जुड़े लोगों में नाराजगी है। पुजारी के अनुसार, दानपेटी पिछले तीन महीने से नहीं खोली गई थी और उसमें करीब 50 हजार रुपए होने का अनुमान है।

## धार के भोजशाला विवाद पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, दो घंटे चली बहस

# सभी पक्षों ने मजबूती से रखे तर्क, कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में चर्चित भोजशाला प्रकरण की सुनवाई मंगलवार (12 मई) को पूरी हो गई। करीब दो घंटे से ज्यादा चली सुनवाई में सभी पक्षों ने अपने तर्क रखे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने भी अपना पक्ष रखा। मामले में कोर्ट ने फैसला रिजर्व फॉर ऑर्डर रख है।

पिछले एक माह से अधिक समय से चल रही सुनवाई के दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्षों ने अपने-अपने तर्क न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। यह मामला वर्ष 2022 में तब शुरू हुआ था, जब रंजना अग्निहोत्री और उनके साथियों ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय करने और हिंदू समाज को पूर्ण अधिकार देने की मांग की थी। इसी प्रकरण में वर्ष 2024 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने भोजशाला परिसर का 98 दिन




तक वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था। इसके बाद 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी पर सुप्रीम कोर्ट ने दिनभर निर्बाध पूजा-अर्चना की अनुमति दी थी। 6 अप्रैल 2026 से हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई शुरू हुई, जो 12 मई तक चली।

6 से 9 अप्रैल तक हिंदू पक्ष की ओर से विष्णु शंकर जैन, विनय जोशी और मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने भोजशाला को मंदिर बताते हुए अपने तर्क रखे। याचिकाकर्ता पक्ष ने कोर्ट में कई ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्य भी पेश किए। इनमें अरक सर्वेक्षणों और ऐतिहासिक अभिलेखों में मंदिर स्थापत्य के अवशेष, स्तंभ, शिलालेख और देवी सरस्वती से जुड़े प्रतीकों का उल्लेख शामिल रहा। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि ब्रिटिशकालीन गजेटियर और इतिहासकारों के दस्तावेजों में भोजशाला को मां सरस्वती के मंदिर और विद्या केंद्र के रूप में वर्णित किया गया है। साथ ही परिसर में संस्कृत और प्राचीन नागरी लिपि के शिलालेख मिलने तथा लंबे समय से वसंत पंचमी सहित अन्य अवसरों पर पूजा-अर्चना की परंपरा होने का भी हवाला दिया गया।

### समरांगण सूत्रधार ग्रंथ का हवाला

याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से अधिवक्ता मनीष गुप्ता ने अदालत में स्थापत्य संबंधी तकनीकी तर्क भी रखे। उन्होंने कहा कि परमार राजा भोज के ग्रंथ ह्यसमरांगण सूत्रधारह्ण में मंदिर निर्माण के जो मानक बताए गए हैं, भोजशाला की संरचना उनसे मेल खाती है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ग्रंथ में वर्णित चौड़ाई और लंबाई का अनुपात 4:6 है, जबकि अरकसर्वे रिपोर्ट के अनुसार भोजशाला की चौड़ाई 38.41 मीटर और लंबाई 57.45 मीटर दर्ज की गई है, जो लगभग उसी अनुपात में है। याचिकाकर्ता पक्ष ने यह भी कहा कि परिसर में मिले हवन कुंड की संरचना भी ग्रंथ में वर्णित नियमों के अनुरूप है। अधिवक्ता मनीष गुप्ता ने कोर्ट में यह भी कहा कि परिसर में मिले ह्लसर्पबंदीह्व शैली के शिलालेख और अलंकरण परमारकालीन मंदिरों की संरचनाओं से मेल खाते हैं। उनके अनुसार यह समानता भोजशाला के मूल स्वरूप को हिंदू मंदिर स्थापत्य से जुड़ा बताती है।

### मुस्लिम पक्ष ने सर्वे रिपोर्ट पर उठाए सवाल

सोमवार को हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट शोभा मेनन और सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट सलमान खुर्शीद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पक्ष रखा, जबकि एडवोकेट तौसिफ वारसी कोर्ट में मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और अरककी ओर से प्रस्तुत तर्कों और सर्वे रिपोर्ट का विरोध किया गया। विपक्ष की ओर से यह तर्क भी दिया गया कि परिसर लंबे समय से मुस्लिम समुदाय द्वारा कमाल मौला मस्जिद के रूप में उपयोग में रहा है। वर्तमान व्यवस्था सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए स्थापित की गई थी। कुछ पक्षों ने कहा कि ऐतिहासिक दस्तावेजों की व्याख्या को लेकर मतभेद संभव हैं और वर्तमान धार्मिक व्यवस्था में बदलाव से सामाजिक तनाव उत्पन्न हो सकता है। एडवोकेट सलमान खुर्शीद ने कहा कि सर्वे के दौरान उपलब्ध कराई गई वीडियोग्राफी और तस्वीरें स्पष्ट नहीं थीं तथा रंगीन फोटो भी उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने कहा कि अयोध्या मामले में रामलला विराजमान की मूर्ति मौजूद थी, जबकि भोजशाला में ऐसी कोई मूर्ति स्थापित नहीं है।

# इंदौर में तपिश, पारा 43 डिग्री पार

## दिन की तपन का अहसास रात की गर्म हवाओं में भी; सरकारी अस्पतालों में बनाए 14 हीट स्ट्रोक क्लिनिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में भीषण गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया है। स्थिति यह है कि तेज धूप लोगों को झुलसा रही है। दिनभर लू के थपेड़ों का जनजीवन पर काफी असर दिखाई दे रहा है और दिन में सड़कें पहले की तुलना सूनी नजर आ रही है। शहर में दूसरे दिन भी पारा 43 डिग्री पार रहा और लोगों में काफी बेचैनी दिखाई दे रही है।

मंगलवार को दिनभर गर्म हवाओं और तपिश से गर्म हुई सड़कों का रात को भी असर रहा। रात 9 बजे तक गर्म हवाएं ही चलती रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बुधवार को भी काफी तपिश रहेगी और तापमान और भी ज्यादा बढ सकता है। गर्मी और लू के



इलाज के लिए प्रशासन ने जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 14 हीट स्ट्रोक क्लिनिक बनाए हैं।

दरअसल, इन दिनों तापमान बढ़ने और गर्म हवा लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। बुजुर्ग, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना अत्यधिक गर्मी से प्रभावित होना व तापघात के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं।

# इंदौर थाने में युवक की पिटाई हमला करते दिखा पुलिसकर्मी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के सदर बाजार थाने में युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। वीडियो में युवक पुलिसकर्मी पर मारपीट का आरोप लगाता नजर आ रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि युवक शराब के नशे में था और वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया था।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात सदर बाजार थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने युवक को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा। पुलिस ने उसका वाहन जब्त कर लिया और थाने ले आई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में युवक थाने के अंदर पुलिसकर्मियों से बहस करता दिखाई दे रहा है। वीडियो में एक पुलिसकर्मी गुस्से में उठता है और युवक को मारने के लिए दौड़ता है। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी का हाथ पकड़ लेती है। युवक गोपाल जाटव अरविंदो लोटस पार्क के पास रहता है। उसके पिता बालकिशन जाटव पुलिस विभाग में एएसआई पद से रिटायर्ड हुए हैं। वहीं मनोज यादव पुलिसकर्मी हैं, जिन पर मारपीट के आरोप लगाए गए हैं।

# पारिवारिक विवाद में डॉक्टर ने पुलिस पर मारपीट के लगाए आरोप

## छोटे भाई की पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर, कहा- तलाक लेना चाहता है इंजीनियर पति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एक डॉक्टर ने मंगलवार को पारिवारिक विवाद के मामले में टीआई समेत हीरानगर थाने के पुलिसकर्मियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। वहीं, टीआई सुशील पटेल का कहना है कि डॉक्टर, उसके इंजीनियर भाई और माता-पिता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई से बचने के लिए डॉक्टर झूठे आरोप लगा रहा है।

दरअसल, डॉक्टर के छोटे भाई की पत्नी, मेघदूत नगर निवासी ने दहेज प्रताड़ना की शिकायत की थी। महिला ने अपने पति अमन पर आरोप लगाया है कि उसका पति नोएडा में एक युवक के साथ रहता है। वह मुझसे तलाक लेने की बात



कर रहा है। इसी मामले में पुलिस ने उसके इंजीनियर पति, डॉक्टर जेठ अभिषेक और माता-पिता को थाने बुलाने के लिए कॉल किया था। इस बीच, पति के परिजन सोमवार को महिला के घर पहुंच गए और वहां हंगामा किया।

पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तो महिला का जेठ सोमवार को थाने पहुंच गया। थाने में तबीयत बिगड़ने की बात कही। इसके बाद पुलिस उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन जांच के बाद वह वहां से चला गया। बाद में उसने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं।

इधर, महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति अमन, जेठ अभिषेक, ससुर अमर सिंह और सास सुनीता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया गया है।

**शादी के एक सप्ताह बाद चला गया पति-** महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी पारिवारिक सहमति से 29 नवंबर 2025 को हुई थी। शादी के एक सप्ताह बाद ही पति अमन नोएडा चले गए। उन्होंने कहा था कि जल्द ही अपना ट्रांसफर इंदौर करवा लेंगे।

ससुराल में सास-ससुर और जेठ कार नहीं देने को लेकर ताने देते थे। बाद में ससुर ने कहा कि नोएडा में अमन को रुपयों की जरूरत है, इसलिए मायके से पैसे मंगवाए जाएं। आरोप है कि इंकार करने पर उसे परेशान किया जाने लगा।

**नोएडा में युवक के साथ रहता है पति-** महिला ने आरोप लगाया कि बाद में उसे पता चला कि पति अमन नोएडा में एक युवक के साथ एक कमरे में रहते हैं। जब उसने अपने साथ ले जाने की बात कही तो अमन ने मना कर दिया। इंदौर आने पर भी अमन उससे दूरी बनाकर रखते थे। महिला के अनुसार, अमन ने कहा कि नोएडा में रहने वाला युवक उसकी जिम्मेदारी है।

पीड़िता का आरोप है कि 27 फरवरी 2026 को अमन ने बताया कि उसने तलाक लेने की बात कही। इसके बाद महिला ने अपने मायके पक्ष को इसकी जानकारी दी।

## खबर एक नजर...

### सूफियाना कलाम से सजी महफिल, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश संस्कृति संचालनालय के तत्वावधान में मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में 'शाम-ए-मौसीकी' का आयोजन किया गया। इस सांगीतिक संध्या में शहर की सुप्रसिद्ध गजल गायिका डॉ. वाणी साठे जोशी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नुसरत मेहंदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

डॉ. वाणी साठे जोशी ने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत मशहूर शायर जांनिसार अख्तर की प्रसिद्ध गजल 'आहट सी कोई आए तो लगता है कि तुम हो' से की। उनकी मधुर आवाज और भावपूर्ण अदायगी को उपस्थित श्रोताओं ने खूब सराहा। करीब एक घंटे तक चली इस महफिल का समापन डॉ. वाणी ने प्रसिद्ध सूफियाना कलाम 'दमादम मस्त कलंदर' की प्रस्तुति से किया, जिसने पूरे सभागार को सूफियाना रंग में रंग दिया। उनकी गायकी से ऐसा समां बंधा कि उपस्थित श्रोता देर तक तालियां बजाकर उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम में संगतकारों ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से गजल संध्या को और अधिक आकर्षक बना दिया। तबले पर विनायक शर्मा, हारमोनियम पर भोपाल के मुनाफ खान, सारंगी पर शीराज खान, कीबोर्ड पर इंदौर के योगेश दुबे तथा ऑक्टोपैड पर उज्जैन के आदेश हंसवाल ने शानदार संगत की। इस अवसर पर जावरा से आए सुप्रसिद्ध गजल गायक अहमद रजा तथा भोपाल से पधारे राजीव सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। 'शाम-ए-मौसीकी' गजल और सूफियाना संगीत की मधुरता से सजी ऐसी महफिल साबित हुई, जिसने संगीत प्रेमियों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी।

### सनातन एवं संगठन को मजबूत करने का किया आह्वान

**उज्जैन।** वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मोदी के छोटे भाई प्रहलाद दामोदरदास मोदी से सौहार्दपूर्ण भेंट की। प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री रोहित मित्र के नेतृत्व प्रतिनिधिमंडल ने प्रहलाद मोदी को भगवान महाकाल की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया।

**जिलाध्यक्ष अर्पित यादव बोले- 'भ्रष्ट व्यवस्था ने कुचले 23 लाख छात्रों के सपने', राहुल गांधी के बयान का किया समर्थन**

# नीट परीक्षा रद्द होने पर युवक कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन: टावर चौक पर फूंका एनटीए डीजी का पुतला





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद शहर में युवाओं और छात्र संगठनों का आक्रोश भड़क उठा है। परीक्षा में हुई भारी धांधली और पेपर लीक के विरोध में युवक कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन करते हुए शहर के हृदय स्थल टावर चौक पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह का पुतला फूंका। युवक कांग्रेस ने इस पूरी घटना को सीधे तौर पर शिक्षा प्रणाली की नाकामी और संगठित भ्रष्टाचार बताया है।

युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने पुतला दहन के दौरान कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे युवाओं के भविष्य के साथ किया गया जघन्य अपराध करार दिया। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट व्यवस्था ने देश के 22 से 23 लाख छात्रों और उनके परिवारों की कड़ी मेहनत, त्याग और सपनों को बेरहमी से कुचल दिया है। प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस ने जननायक राहुल गांधी के उस बयान का भी पुरजोर समर्थन किया, जिसमें उन्होंने इस घटना को केवल नाकामी नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ किया गया गंभीर अपराध बताया है।

छात्रों और उनके परिवारों की पीड़ा को रेखांकित करते हुए यादव ने कहा कि बच्चों को डॉक्टर बनाने के लिए किसी पिता ने कर्ज लिया, तो किसी मां ने अपने गहने तक बेच दिए। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर परीक्षा की तैयारी की, लेकिन इस समर्पण के बदले में उन्हें सिर्फ पेपर लीक और सरकारी लापरवाही ही मिली। यादव ने व्यवस्था पर कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि हर बार पेपर माफिया आसानी से बच निकलते हैं और ईमानदार छात्रों को इसकी भारी सजा भुगतनी पड़ती है। परीक्षा रद्द होने से अब लाखों छात्र फिर से उसी मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता को झेलने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए स्पष्ट किया कि अगर युवाओं की तकदीर उनके परिश्रम से नहीं, बल्कि पैसे और रसूख से तय होगी, तो फिर इस देश में शिक्षा का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

## किसानों की आड़ में व्यक्ति विशेष को बचाने की नौटंकी कर रही कांग्रेस: सांखला

### कहा- कांग्रेस नेताओं को जनता के मुद्दों पर लड़ने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कलेक्टर कार्यालय पर हाल ही में हुए कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर सुरेंद्र सांखला ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के इस आंदोलन को जनता और किसानों के मुद्दों से भटका हुआ बताते हुए इसे महज एक व्यक्ति विशेष को बचाने की नौटंकी करार दिया है। सांखला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कानून तोड़कर सिर्फ एक व्यक्ति के लिए यह प्रदर्शन किया, जिससे पार्टी की असली छवि उजागर हो गई है। यह लड़ाई जनता के हितों की नहीं, बल्कि पब्लिसिटी हासिल करने के लिए की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आंदोलन में केवल कांग्रेस के पदाधिकारी ही शामिल थे, जबकि किसानों या उनकी वास्तविक समस्याओं से इस प्रदर्शन का कोई सरोकार नहीं था। प्रशासन द्वारा जिस नेता पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है, उसका जिक्र करते हुए सांखला ने कहा कि कांग्रेस को उस व्यक्ति का इतिहास देखना चाहिए। कांग्रेस ओछी मानसिकता के चलते किसानों का सहारा लेकर छोटी राजनीति कर रही है।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें इस बात का प्रशिक्षण लेना चाहिए कि जनता की लड़ाई किन मुद्दों पर लड़ी जाती है। सांखला ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस को किसी व्यक्ति विशेष को बचाने के बजाय जनहित के असली और जमीनी मुद्दों पर आंदोलन करना चाहिए।

**पसीने से नहाने वाले ही रचते हैं इतिहास**

## दत्त अखाड़ा तट पर चल रहे तैराकी प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन, 170 खिलाड़ियों को मिल रहा प्रशिक्षण



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग और श्री अच्युतानंद प्रासादिक व्यायाम शाला के संयुक्त तत्वावधान में शिप्रा नदी के दत्त अखाड़ा तट पर तैराकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का अवलोकन स्नेहा जैन, दिलीप जैन और समिति अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने किया एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्नेहा जैन ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो पानी से नहाता है वह केवल लिबास बदलता है, लेकिन जो पसीने से नहाता है वह इतिहास बदलता है। शिविर में प्रशिक्षक विनोद चौरसिया द्वारा 170 खिलाड़ियों को तैराकी के गुर सिखाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी की ओर से खिलाड़ियों को अल्पाहार वितरित किया गया। साथ ही, अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा फर्स्ट एड बॉक्स भी प्रदान किए गए। संस्था अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और सोसाइटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## शक्ति उत्तोलकों का महाकुंभ: नेहा बनीं स्ट्रांग वुमन, गिरीश ने जीता स्ट्रांग मैन का खिताब

### मदर्स डे पर 13 घंटे तक चला पावरलिफ्टिंग का रोमांच, पुष्पा, स्नेहा, दुर्वा, इमरान, अभिषेक और आरुष को मिला बेस्ट लिफ्टर अवॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मदर्स डे के उपलक्ष्य में उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन और मदर मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल नागदा के संयुक्त तत्वावधान में 28वीं जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग एवं डेड लिफ्ट स्पर्धा का भव्य आयोजन किया गया। इस महाकुंभ में जिले भर के शक्ति उत्तोलकों ने अपना दम दिखाया। स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेहा कुजूर ने 245 किलोग्राम वजन उठाकर 'स्ट्रॉन्ग वुमन' और पुरुष वर्ग में गिरीश नारायण ने सर्वाधिक 657.5 किलोग्राम वजन उठाकर 'स्ट्रॉन्ग मैन' की ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महिला मास्टर्स वर्ग में पुष्पा चौहान ने 212.5 किलो, सब-जूनियर वर्ग में दुर्वा पोरवाल ने 165 किलो और जूनियर वर्ग में स्नेहा चौहान ने 237.5 किलो वजन उठाकर बेस्ट लिफ्टर का पुरस्कार जीता। वहीं, पुरुष मास्टर्स वर्ग में मोहम्मद इमरान आजम ने 410 किलो, जूनियर वर्ग में अभिषेक शर्मा ने 585 किलो और सब-जूनियर वर्ग में आरुष शर्मा ने 495 किलो वजन लिफ्ट कर बेस्ट लिफ्टर के आकर्षक पुरस्कार अपने नाम किए।

संस्था के सह-सचिव अनिल चावड़ा और आनंद सोलंकी ने बताया कि यह चैंपियनशिप लगातार 13 घंटे तक तीन अलग-अलग स्टेज पर संचालित हुई। स्पर्धा में नेशनल कैटेगरी 1 रेफरी मनीष लश्करी, दिलीप भूरिया, जितेंद्र चौहान, विकास जोशी, संतोष पालीवाल, नरेंद्र मालवीय, शोएब कुरैशी और अभिषेक सिंह राठौड़ ने निर्णायक की अहम भूमिका कुशलतापूर्वक निभाई। संस्था द्वारा चैंपियनशिप की संयोजिका मारिया शेखावत, सह-संयोजक मनोज कपासिया और इंदर सिंह को 'खेल मित्र' के सम्मान से नवाजा गया।

स्पर्धा की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष जय सिंह यादव ने की, जबकि मुख्य सूत्रधार और संचालनकर्ता सचिव कमल नंदवाना रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में उज्जैन जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश धाकड़, राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, नागदा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लखन गुर्जर, पूर्व भाजपा जिला मंत्री धर्मेश जायसवाल, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के तहसील अध्यक्ष श्याम प्रजापति, अल्टीमेट जिम संचालक लखन राठौर और मनीष कपासिया बतौर अतिथि शामिल हुए।

समारोह के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत संस्था प्रमुख व नेशनल खिलाड़ी कोच परवेज मोहम्मद, बॉडीबिल्डर उमेश पवार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मयंक जोशी और फईम उस्मानी ने मालवा की परंपरा अनुरूप राजस्थानी पगड़ी, मोतियों की माला और आकर्षक दुपट्टा पहनाकर किया।

## खबर एक नजर...

### गजानन महाराज मंदिर में दो दिवसीय श्री यजुर्वेद संहिता यज्ञ संपन्न

**उज्जैन।** श्री भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित अशोक विहार कॉलोनी स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर में दो दिवसीय श्री यजुर्वेद संहिता यज्ञ का आयोजन किया गया। नांदेड़ महाराष्ट्र से पधारे वेद मूर्ति निलेश जोशी एवं उनके सहयोगियों के आचार्यत्व में यह धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न हुआ। न्यास के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले एवं सचिव हर्षवर्धन गोरे ने बताया कि चार वेदों की यज्ञ श्रृंखला में यह चौथे वेद का अनुष्ठान था। इससे पूर्व तीन वेदों के संहिता यज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न किए जा चुके हैं। इस दो दिवसीय अनुष्ठान के दौरान यज्ञ नारायण की अग्नि को सतत प्रज्वलित रखा गया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न प्रकार की समिधा व औषधियों से आहुतियां प्रदान की गईं।

इस पुनीत अवसर पर अनिल जोशी और कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद गंधे विशेष रूप से उपस्थित रहे। यज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में भक्तगणों ने शामिल होकर दर्शन व परिक्रमा कर धर्म लाभ लिया।

### अग्रवाल विकास समिति के सुनील बी अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**उज्जैन।** अलकनंदा नगर स्थित श्री अग्रसेन भवन में रविवार को उज्जैन अग्रवाल विकास समिति की वार्षिक साधारण सभा एवं द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में आपसी सहमति बनने के बाद सुनील बी अग्रवाल को आगामी दो वर्षों के लिए समिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। चुनाव अधिकारी भगवानदास ऐरेन व एडवोकेट विवेक गुप्ता के निर्देशन में द्विवार्षिक चुनाव संपन्न कराए गए। अध्यक्ष पद के लिए शैलेंद्र मित्तल व सुनील बी अग्रवाल के नाम प्रस्तावित किए गए थे। शैलेंद्र मित्तल द्वारा अपना नाम वापस ले लिया गया,

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 121 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

### 27 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, आयोजन में उमड़े 25 हजार समाजजन, दिया फिजूलखर्ची रोकने का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अखिल भारतीय बलाई महासभा सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, कानड़ के तत्वावधान में 10 मई को दरबार कृषि फार्म में 15वां सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह में 121 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। प्रातः 6 बजे से शुरू हुए इस वृहद आयोजन में मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, देवास, राजगढ़, शाजापुर, आगर, नीमच, मंदसौर और भोपाल सहित राजस्थान (झालावाड़) व दिल्ली से करीब 25 हजार समाजजन शामिल हुए।

समिति द्वारा नवदंपतियों को उपहार स्वरूप गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई। सम्मेलन में विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाने के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। आयोजन के दौरान समाज की उन 27 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही शिक्षा, खेल, प्रशासनिक सेवाओं एवं समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि विगत तीन माह से इस आयोजन की तैयारियां की जा रही थीं। ऐसे आयोजनों से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है।

आयोजन में अखिल भारतीय बलाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल बछेर, पूर्व विधायक जयपुर, क्षेत्रीय विधायक मधु गहलोत, इंदौर के राजेंद्र राधाकिशन मालवीय, भाजपा जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर, बलाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक मालवीय, उज्जैन से दीनदयाल सावनेर, भोपाल से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता मालवीय, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अशोक लखीवाल, शाजापुर से समाजसेवी दिलीप बामनिया, दुर्गा प्रसाद पालीवाल, ओम प्रकाश पालीवाल, भोपाल से विनय मालवीय, इंदौर से समाजसेवी मुकेश चौहान, गिरधारी लाल मालवीय, कैलाश राज मेवाड़ा और प्रीतम मालवीय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष देवी सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सोदान सिंह मालवीय, कोषाध्यक्ष नानुराम परमार, सचिव जगदीशचंद्र मालवीय, विक्रम सिंह मालवीय, रामलाल देवड़ा, गोकुल प्रसाद चौहान, कालू सिंह मालवीय, पूनमचंद मालवीय, डॉ. रामेश्वर मालवीय, महेश सौराष्ट्रीय, शिवनारायण पोस्टमास्टर, भेरूलाल परमार, तुलसीराम परमार, आत्माराम सुमन, शंकरलाल मालवीय, मनोहरलाल वर्मा, मनोज परमार, एडवोकेट मोहनदास मालवीय, प्रियंका मालवीय, आरसी खंदार, कैलाश चंद्र मालवीय पटेल, राजेश लिंबोदिया, माखनसिंह मालवीय, प्रकाशचन्द्र मालवीय, गोकुल प्रसाद राठोड़, मनोहरलाल परमार, उमराव मालवीय, मेहरबान मालवीय, भोलाराम परमार, अनिल मालवीय और कैलाशचंद्र मालवीय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न, 26 करोड़ से होगा 18 हजार पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (मालवा प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में माधव भवन परिसर स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षाविदों ने नई शिक्षा नीति को रोजगारोन्मुखी और भारतीय मूल्यों पर आधारित बताया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। इसका उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है, जो विचार, व्यवहार और बौद्धिक दृष्टि से भारतीय हों। लंबे समय तक अंग्रेजियत को आधुनिकता का प्रतीक माना गया, लेकिन नई शिक्षा नीति इस मानसिकता को बदल रही है।

उन्होंने बताया कि नीति में मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, एक साथ दो डिग्री और मातृभाषा में शिक्षा जैसे अहम प्रावधान हैं। छठी कक्षा से व्यावसायिक शिक्षा और इंटर्नशिप से विद्यार्थी नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनेंगे। डॉ. कोठारी ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति दुनिया आकर्षित हो रही है। लॉकडाउन में वैदिक गणित की ऑनलाइन कक्षाओं में 92 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे।

अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि विश्वविद्यालय में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया लागू की गई है। भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए 26 करोड़ रुपये की लागत से 18 हजार पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के तहत बिना अतिरिक्त आर्थिक भार के एक करोड़ लीटर जल संरक्षण और 50 हजार पौधे रोपे गए हैं।

### 33 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए केशियर दिनेशचन्द्र डोडिया

**उज्जैन।** बड़नगर स्वास्थ्य विभाग में 33 वर्षों तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद केशियर दिनेशचन्द्र डोडिया सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत कर उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमएचओ डॉ अशोक कुमार पटेल, डीएलओ डॉ विजय मालवीय, डॉ अनंगपाल सिंह तोमर और डॉ विनोद चौधरी उपस्थित थे। इसके साथ ही न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, जिला संरक्षक महेश परमार, जिला सचिव परमानंद कटारिया, दिनेश कुमार पंचोली कार्यक्रम में शामिल होकर श्री डोडिया का पुष्पहारों से सम्मान किया।

# भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है चित्रकला: वसीम अहमद

### जज्बा सोशल फाउंडेशन के 36 दिवसीय समर कैंप में 200 से अधिक बच्चे ले रहे हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हमारे मन में जो भी भाव होते हैं या हम अपने आस-पास जो भी देखते हैं, उसे चित्रकला के माध्यम से आसानी से अभिव्यक्त किया जा सकता है। चित्रकला भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। यह बात वसीम अहमद बंटी ने जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप में कही।



स्थानीय सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में फाउंडेशन द्वारा 36 दिवसीय समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। कैंप में बच्चों को कला की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। ड्राइंग शिक्षिका विभा मीणा ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रकृति में मौजूद विविधताओं को भी गहराई से देखकर उन्हें कागज पर उतारा जा सकता है। जज्बा फाउंडेशन के भुरू शेख ने बताया कि इस समर कैंप में प्रतिदिन 200 से अधिक बच्चे उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं और अपनी रचनात्मकता को निखार रहे हैं। इस अवसर पर अतहर आलम अंसारी, हारून नागौरी और परवेज खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

# किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के 14 खिलाड़ियों ने जीते पदक



### इंदौर में आयोजित स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन, म्यूजिकल फॉर्म और फाइट इवेंट में दिखाया दम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर के धार रोड कलारिया स्थित किड्स कॉलेज में 8 से 10 मई तक आयोजित द्वितीय राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस स्पर्धा में उज्जैन किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के 14 खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से एसोसिएशन और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है।

यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सोंडवाले और महासचिव आशुतोष दधीची के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में उज्जैन से कोच के रूप में आकाश वाडेकर उपस्थित रहे। वहीं नेशनल रेफरी के रूप में उज्जैन की मीनाक्षी चव्हाण, प्रियांशी नरवरिया और प्रिया सिंह चौहान ने अपनी भूमिका निभाई। जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव रवि यादव ने बताया कि म्यूजिकल फॉर्म इवेंट में देवेशि चौहान, जानवी परमार और नमिश पवार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं यशिका चौहान, तत्सत दुबे और अपूर्व धर्मे ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी तरह फाइट इवेंट में आयुषी गौसर, प्रीतेश चावड़ा, शिवाय व्यास और लय शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। फाइट इवेंट में ही समृद्धि राठौर ने रजत पदक तथा लक्ष्य शर्मा, जयवर्धन और कृतार्थ बादगी ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। खिलाड़ियों की इस गौरवशाली उपलब्धि पर उज्जैन जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष रजनी नरवरिया, दुर्गेश कवरेती, सहसचिव अमजद खान, निरंजन सोलंकी, आकाश सोलंकी और छवि दीक्षित सहित सभी पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर एक नजर...

### भगवान शेषनारायण का पंचामृत अभिषेक कर की गई महाआरती

**उज्जैन।** प्रदेश की धार्मिक राजधानी अवंतिका में 17 मई से पवित्र अधिक मास का शुभारंभ हो रहा है। अधिक मास अर्थात मलमास के दौरान प्राचीन नगरी अवंतिका में सप्तसागर यात्रा और नव नारायण की पूजा का विशेष विधान है। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए अधिक मास के पूर्व क्षीरसागर स्थित अति प्राचीन शेषनारायण मंदिर में विधि-विधान से भगवान का पंचामृत अभिषेक और पूजन कर महाआरती संपन्न की गई।

नव नारायण में से एक भगवान शेषनारायण की यह मूर्ति अति प्राचीन और अद्भुत है। इसमें भगवान शेषनाग की शय्या पर लेटे हुए हैं और मां लक्ष्मी उनके चरण दबा रही हैं। साथ ही भगवान की नाभि से कमल खिला हुआ है जिस पर ब्रह्मा जी के साथ जय-विजय विराजमान हैं। अधिक मास के दौरान यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है और भगवान को विशेष रूप से खीर का भोग लगाया जाता है।

हर तीन वर्ष में अधिक मास प्रारंभ होने से पूर्व यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला एवं पंडित आर्यन शुक्ला के आचार्यत्व में यजमान हितेंद्र सिंह चन्देल, दिग्विजय शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला एवं ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। लगभग 4 घंटे से अधिक समय तक चले इस अनुष्ठान में भगवान शेषनारायण का दूध, दही, घी और मिष्ठान आदि से अभिषेक कर पूजन किया गया। पंचामृत अभिषेक के पश्चात भगवान का मनोहारी श्रृंगार कर महाआरती की गई। इस दौरान भगवान शेषनारायण से कामना की गई कि आगामी अधिक मास पूर्ण भक्ति भाव और बिना किसी विघ्न के संपन्न हो तथा सभी को इसका पुण्य लाभ मिले। इस अवसर पर संजय शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, गौरव शुक्ला, यश शुक्ला, आशीष शुक्ला, विशाल शुक्ला, आयुष शुक्ला, श्रद्धा शुक्ला, शैलजा शुक्ला, मीना शुक्ला, उर्मिला शुक्ला और लता शुक्ला सहित शुक्ला परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### आचार्य का दायित्व है कि वे विद्यार्थी की रुचि और प्रकृति के अनुसार दिशा दें

**उज्जैन।** मंगलवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास मालवा प्रांत एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्ण जयंती सभागार में ₹भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020₹ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी थे। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। सारस्वत अतिथि उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. एचएल अनिजवाल थे।

संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आचार्य और विद्यार्थियों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। प्राचीन काल से उज्जैन में ज्ञान की विस्तृत परंपरा रही है, उसे पुनर्स्थापित करने के लिए सरकार के साथ समाज को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

**एक सुंदर स्वच्छ एवं विकसित रतलाम की कल्पना को विकास प्राधिकरण का यह नया संचालक मंडल कामयाब करेगा**

# रतलाम विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल का श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा किया आत्मीय स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



गौशाला रोड स्थित श्री राम गोपाल मंदिर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में रतलाम विकास प्राधिकरण के संपूर्ण संचालक मंडल का श्री सनातन धर्म सभा एवं महादेव रूद्र यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा अपनी ही संस्था के अनेक सदस्यों का इस संचालक मंडल में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आत्मीय अभिनंदन कर सम्मान किया गया।

प्रारम्भ में श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति अध्यक्ष अनिल झालानी ने अतिथियों का सनातन धर्म सभा की ओर से स्वागत की कडी में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्राधिकरण की गतिविधियों इसके पूर्व इतिहास इसकी उपलब्धियां तथा इसके गठन के संबंध में इसके उद्देश्य एवं भावना तथा पूर्व की विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आशा व्यक्त की कि रतलाम के विकास की विभिन्न इकाइयों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करके एक सुंदर स्वच्छ एवं विकसित रतलाम की कल्पना को विकास प्राधिकरण का यह नया संचालक मंडल कामयाब करेगा यह संचालक मंडल जमीन से जुडा है आमजन से जुडा होकर के शहर के समस्त योजनाओं को सुचारू रूप से सम्पन्नकरेगा । रतलाम विकास प्राधिकरण व संस्था है जो शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास मास्टर प्लान के माध्यम से लागू कर आमजन को आवास तथा नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने को सेवा का लक्ष्य लेकर कार्य करता है । संचालक मंडल का युवा और ऊजार्वान नेतृत्व समन्वय से काम कर शहर के विकास की नई गाथा लिखेगा। नवीन संचालन मंडल के गठन से शहर के आम नागरिकों को में आशा और उम्मीद जगाई है। ट्रिपल इंजन सरकार में अब यह चौथा एक और इंजन जुड चुका है जिससे शहर के विकास को ओर गति मिलेगी । उक्त आशा एवं भावना उपस्थित अतिथियों से श्री झालानी ने आमजन की ओर से व्यक्त की । प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल शहर की भावी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग तो अपने आवास की समुचित व्यवस्था कर लेता है किंतु आवश्यकता इस बात की है कि सर्वहारा वर्ग के लिए कम लागत के अफॉर्डेबल हाउस बनाकर के उन्हें आशा प्रदान करना ही हमारी सच्ची सेवा होगी और विकास प्राधिकरण इस दिशा में कार्य करेगा। उपाध्यक्ष श्री प्रवीण सोनी ने भावुकता भरे संबोधन में कहां की इस आयोजन को अभिनंदन नहीं आशीर्वाद समारोह कहा जाना चाहिए क्योंकि जिन लोगों के द्वारा हमें अभिनंदन किया जा रहा है वास्तव में वह हमारे आशीर्वाद दाता तथा मार्गदर्शक हैं जिनके सामने हम ने राजनीति का क, ख, ग, सीखा है और उनसे समाज सेवा में कदम रखने का प्रशिक्षण लिया है उन सबको मैं आज यहां पर नमन करते हुए उनसे आशीर्वाद चाहते है कि हम आपके मार्गदर्शन से अच्छे कार्य कर सकें

### पार्षद विष्णुबाला कराड़ा की देह पंचतत्व में विलीन

**पिपलिया मंडी।** सेवानिवृत शिक्षक कन्हैयालाल कराड़ा की पत्नी व विधायक प्रतिनिधि लोकेश कराड़ा की माताजी पिपलिया नप पार्षद श्रीमती विष्णुबाला कराडा का ७५ वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ थी। महावीरगंज स्थित निवास से निकली अंतिमयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मुक्तिधाम पर आयोजित शोकसभा में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, नप उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, नप के पूर्व अध्यक्षगय चौथमल गुप्ता, राजेन्द्र भारद्वाज, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास, ब्लाक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, भाजयुमो प्रदेश सदस्य संदीपसिंह राठौड़, नेता प्रतिपक्ष सरफराज सेव, सीएमओ प्रवीण सेन, दिलीप गोयल, पंकज शर्मा, भूपेन्द्र महावर, मुकेश गुप्ता, बसंत शर्मा, अनिल बोराना, कमल परसिंधिया, प्रकाश बंसल, दिलीप चावडा, जितेन्द्र खिंदावत वीरेन्द्र राणावत, मनुदेव आर्य, नरेश जजवानी, राजेश पटवा, देवीलाल गुर्जर, अजय बोराना आदि ने विचार रखे। संचालन मुकेश निडर ने किया।

# पत्रकार को सत्ता का प्रचारक न बनते हुए, सत्य के साथ खड़ा रहना चाहिए- डॉ. परमार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



पत्रकार का परम धर्म सत्य को उजागर करना, निष्पक्ष रहना और जनता के प्रति जवाबदेह होना है। पत्रकार को सत्ता का प्रचारक नहीं बनना चाहिए, बल्कि सच्चाई के साथ खड़ा होना चाहिए। गलत के खिलाफ आवाज उठाना और समाज को सचेत करना ही वास्तविक पत्रकारिता है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों।

उक्त बात देवर्षि नारद की जयंती पर मन्दसौर के मीडिया, साहित्य परिवार एवं विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित च्च्स्व-बोध - पत्रकारिता का नया मंत्र विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विद्या भारती मध्य क्षेत्र की पाठ्यपुस्तक निर्माण एवं देखरेख स्थायी समिति के सदस्य डॉ. बालाराम परमार ने कहे। उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल खबर लिखने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक, चिंतक, अध्येता, लेखक और कलमकार है। पत्रकार का उद्देश्य केवल घटना बताना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सकारात्मक दिशा देना होना चाहिए। डॉ. परमार ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता को मशीनों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सबसे बड़ा खतरा नहीं है, बल्कि अपने मूल चरित्र से दूर होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और एआई के इस दौर में स्व-बोध ही पत्रकार को मशीन से अलग पहचान देगा। मुख्य अतिथि पं. दशरथ शर्मा ने कहा कि नारद सत्य कहने में कभी नहीं चूकते थे। वे भगवान नारायण तक से सत्य कहने का साहस रखते थे। पत्रकारों को भी इसी निर्भीकता की आवश्यकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में नरेंद्र मेहता ने कहा कि पत्रकार यदि निष्पक्षता, संवेदनशीलता और लोकहित के साथ कार्य करे तो समाज में भरोसा बढ़ेगा।

### श्रीमती राणावत जिला राजपूत समाज महिला इकाई की जिलाध्यक्ष निर्वाचित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिला राजपूत समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में श्रीमती इंदिरा कुंवर राणावत (डोराना) को सर्वसम्मति से निर्विरोध महिला जिलाध्यक्ष चुना गया है। बैठक में श्रीमती प्रमिला कुंवर देवड़ा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन श्रीमती ज्योति कुंवर राठौर सहित उपस्थित सभी महिला सदस्यों ने किया। निर्वाचन के पश्चात श्रीमती देवेंद्र कुंवर सिसोदिया और पूर्व अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर भाटी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। समाज के जिलाध्यक्ष रूगनाथ सिंह राठौर काचरिया और सचिव भूपेंद्र सिंह राठौर ने इस मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए श्रीमती राणावत को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

# बहुजन मुक्ति पार्टी ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में तीन चरणों में देश के 625 जिलों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर प्रदर्शन कर भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया एवं लालटेन भेंट किया गया, प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटर, महंगाई, बेरोजगारी तथा बढ़ती घरेलू और कॉमर्शियल गैस कीमतों का विरोध जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अपारदर्शी स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं पर अधिक बिजली बिल थोपे जा रहे हैं और निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। मुकेश मालवीय ने बताया कि स्मार्ट मीटर 20 से 30 प्रतिशत तक तेज चल रहे हैं, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों में लगे सिम के माध्यम से यूनिट बढ़ाई जा सकती है और कम बैलेंस होने पर तुरंत बिजली काट दी जाती है। साथ ही, बिना नियमित विद्युत सप्लाई के भी उपभोक्ताओं पर बिल थोपे जा रहे हैं। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। घरेलू गैस सिलेंडर 1500 से 2000 रुपए तथा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 2500 से 3500 रुपए तक महंगे हो गए हैं। वहीं पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है। अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय ने कहां की ज्ञापन मे हमारी प्रमुख मांगें है कि स्मार्ट मीटरों की जगह पारदर्शी मीटर लगाए जाएं, जो निजी कंपनियों के नियंत्रण में न हों। जिन उपभोक्ताओं से गलत तरीके से बिजली बिल वसूला गया है, उनकी राशि वापस की जाए तथा स्मार्ट मीटर परियोजना में हुई कथित धांधली की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित कैबिनेट पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडर 400 रुपए और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 700 रुपए में उपलब्ध कराने, गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने, होटल-ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों को आर्थिक सहायता देने तथा पेट्रोल 90 रुपए और डीजल 80 रुपए प्रति लीटर करने की मांग भी की गई।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो दूसरे चरण में 20 मई 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने महंगी घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस के विरोध में ह्लचूल्हा जलाओ धरना-प्रदर्शन आंदोलनह्व किया जाएगा। इस मौके पर ईश्वर मालवीय, हीरालाल एरवाल, अशोक मालवीय आदि लोग उपस्थित थे।

### रेड क्रॉस समिति ने मनाया नर्सेज दिवस, किया सम्मान

**जावरा ।** रेड क्रॉस समिति पदाधिकारीयो ने अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ नर्सेस का स्वागत कर सम्मान किया । रेड क्रॉस समिति अध्यक्ष एसडीम सुनील जायसवाल के निर्देशन में अस्पताल प्रभारी डॉक्टर दीपक पालडिया डॉक्टर अतुल मंडवारिया एवं रेड क्रॉस समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिसोदिया की उपस्थिति में चिकित्सालय की स्टाफ नर्स का स्वागत कर सम्मान किया। इस मौके पर डॉक्टर पालडिया ने कहा कि नर्स के द्वारा हमेशा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने का प्रयास किया जाता है । चेयरमैन सिसोदिया ने कहा कि नर्स अपनी हर तकलीफ को भुलाकर मरीजों की तकलीफ दूर कर अपने जख्मों को छोड़ मरीजों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम करती है।

# सभी एसडीएम गेहूं उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें - कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ›› खण्डवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि अपने क्षेत्र के गेहूं व चना उपार्जन केन्द्रों का प्रतिदिन निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों को कोई समस्या न हो। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छांव, बैठक व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में तौल कांटे जैसी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, पुनासा के एसडीएम श्री पंकज वर्मा, सहायक कलेक्टर सुश्री शिल्पा चौहान के अलावा अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान सहित सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजना के तहत संचालित अधिक पुराने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें पूर्ण कराएं। उन्होंने एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र के ग्रामों में समय समय पर रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र डाइट के प्राचार्य के द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाएं। उन्होंने सभी कार्य वर्षा शुरू होने के पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में सिंहस्थ-2028 से सम्बंधित कार्यों से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओंकारेश्वर में सिंहस्थ सम्बंधी सभी कार्य प्राथमिकता से गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी में चलने वाली नावों की गति नियंत्रित रखने तथा नावों में यात्रियों को सेफ्टी जैकेट पहनाकर ही बैठने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओंकारेश्वर को दिए।

## जन अभियान परिषद- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ जल संवाद कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा



जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों एवं प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों के बीच जल संवाद कार्यक्रम भगत सिंह कॉलेज में आयोजित किया गया। स्वागत भाषण विकास खंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने दिए ।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहां की जल संवाद जल चौपाल द्वारा जन भागीदारी द्वारा तैयार करना हे। पानी के प्रति लोगों की संवेदना जगाना हे। पानी ही हमारा जीवन हे जिसे हम सब को मिल कर बचाना हे।

धरती पर उपलब्ध जल में से मात्र ३प्रतिशत जल ही जीवों के उपयोग के लिए हे । उसमें से भी समुद्र ओर ग्लेशियर के रूप में हे । हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो इस लिए सभी को मिल कर जल गंगा संवर्धन अभियान में अपना सहयोग देना हे ।

गांव का पानी गांव में ओर खेत का पानी खेत में हमें अधिक से अधिक वर्ष जल को भूमि में कुएं में,ट्यूब वेल में उतरना होगा। जिससे आना वाला कल सुरक्षित हो सकता हे अन्यथा पानी की बूंद बूंद के लिए हम तरस जाएंगे ।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक रत्नेश विजय वर्गीय ने भी अपने विचार रखे ।

समाज सेवी अभय कोठारी , नवांकुर संस्था चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शिवेंद्र माथुर ,परामर्शदाता अंकित ठाकुर, सुनील जमडा,मोना जाधव, अंजनी नंदन उपाध्यक्ष, जगदीश उपमन्यु, वीरेंद्र सिंह सोलंकी, नवांकुर समितियों के पदाधिकारी, प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दीनदयाल वाटिका में पोरवाल समाज ने की जल मंदिर की स्थापना

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच।

वर्तमान भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्धता हेतु अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन नीमच द्वारा ११ मई को स्थापना दिवस के अवसर पर जल मंदिर की स्थापना की गईद्य यह जल मंदिरदीनदयाल वाटिका, इंदिरा नगर में आम जनता के लिए स्थापित किया गया है । इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में युवा संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य प्रेरणादायक हैं।

### मतदान सम्पन्न

**आलोट।** जिला न्यायाधीश आलोट की उपस्थिति में तहसील न्यायालय आलोट के अभिभाषक संघ कक्ष में मतदान सम्पन्न हुआ जिसमें के आलोट अभिभाषक संघ के कुल 115 सदस्यों में से 98 अधिवक्तागणों ने मतदान में भाग लेकर मतदान किया। सदस्यों में सबसे सीनियर अभिभाषक मोहन लाल व्यास, रमाकांत जोशी, शिवनारायण सोलंकी सहित अन्य अधिवक्तागण ने मतदान किया।

## जिला न्यायालय परिसर में पक्षियों के लिए लगाए सकोरे



ब्रह्मास्त्र ›› खण्डवा

भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर खण्डवा में पक्षियों हेतु सकोरे लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना एक मानवीय एवं सामाजिक दायित्व है। इस प्रकार की छोटी-छोटी पहल समाज में जीवों के प्रति संवेदनशीलता एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करती हैं। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश, श्री उत्सव चतुवेर्दी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीशगण श्री अनिल चौधरी, श्री आशीष प्रताप सिंह, श्री अरविंद सिंह टेकाम, श्री वीरेन्द्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार, श्री अरविंद सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पियूष भावे सहित अन्य न्यायाधीशगण, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह एवं जिला न्यायालय के कर्मचारीगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में यादव स्पोर्ट्स के समन्वय से सुश्री नेहा यादव, श्रीमती अनीता यादव एवं यादव स्पोर्ट्स जूडो कराटे के विद्यार्थियों की विशेष सहभागिता रही।

## शहर के वार्ड 6 में नाली निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम आज

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास के तहत 13 मई बुधवार को प्रातः 10 बजे पीपली चौक नीमच सिटी के यहां वार्ड क्रमांक 6 में 17.39 लाख से होने वाले दो नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम रखा है ! उपरोक्त जानकारी देते हुए नपा के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि उक्त भूमि पूजन कार्यक्रम सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदनाखंडेलवाल,भाजपा मंडलअध्यक्ष श्री दारा सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, लोक निर्माण सभापति श्री मनोहर मोटवानी, समस्त सभापतिगण एवं गणमान्य नागरिकों के विशेष आतिथ्य में आयोजित होगा।

### गोलोक धाम आश्रम में उपनयन संस्कार निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**सनावद।** नार्मदीय ब्राह्मण समाज, सनावद इकाई के तत्वावधान में पूज्य गुरुवर पं रमेश चन्द्र चौकड़े के पावन गोलोक धाम आश्रम, ओमकारेश्वर में आयोजित सामूहिक उपनयन संस्कार (यज्ञोपवीत) अत्यंत भव्य, निर्विघ्न एवं प्रभावशाली ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। सात बटुकों का यह पवित्र उपनयन संस्कार विद्वान पं शिवशंकर खेड़े एवं पंडित दिलीप खेड़े द्वारा पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। प्रातः 8.30 बजे से पंडाल में समस्त आगंतुकों हेतु नाश्ता, चाय एवं शीतल जल की सुव्यवस्था की गई थी, जो 11.30 बजे तक सुचारू रूप से चलती रही।

### फरक्या पोरवाल युवा संगठन अध्यक्ष मनोनीत

**आलोट।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के 24 वे स्थापना दिवस पर आज अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन आलोट द्वारा श्री गोवर्धन गोशाला आलोट में गायों को हरा चारा खिलाकर गौ सेवा का लाभ लिया इस अवसर पर युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र उदिया एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल गुप्ता एव प्रदेश सचिव विठ्ठल मोदी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष अविनाश पोरवाल द्वारा एडवोकेट मनीष फरक्या को पोरवाल युवा संगठन आलोट का नगर अध्यक्ष मनोनित किया गया इस अवसर पर पंकज चौधरी, सौरभ गुप्ता, दीपक कामरिया, पिंकेश पोरवाल, सौरभ मेहता, मयंक कोठारी, नितेश पोरवाल आशीष पोरवाल . मनोज भेसोटा . रवि पोरवाल.. हनी काला . आयुष सेठिया आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन युवा संगठन के प्रदेश सचिव विठ्ठल मोदी एवं आभार रवि सेठिया एडवोकेट द्वारा व्यक्त किया गया।

### एमडी तस्करी मामले में आरोपी शाकिर गिरफ्तार

**मंदसौर।** थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी शाकिर उर्फ चेला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे पहले 7 मई को मुख्य आरोपी इमरान पठान को 500 ग्राम एमडी और 500 ग्राम अफीम के साथ पकड़ा था। इमरान से पूछताछ के बाद पुलिस अब तक महावीर सिंह चौहान, सादिक गढवी और सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी कड़ी में मदारपुरा निवासी 61 वर्षीय शाकिर उर्फ चेला को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर पूर्व से ही 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर और उनकी टीम की इस सफल कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही। मामले में अनुसंधान जारी है।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में हुआ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण


**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्टडी क्लब द्वारा शोध पत्र प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में क्रीड़ा विभाग के राजू कुमार ने च्द सोशल इम्पैक्ट ऑफ स्पोर्टज विषय पर शोध प्रस्तुत करते हुए भारत और पश्चिमी देशों की खेल संस्कृति के अंतर को स्पष्ट किया। द्वितीय सत्र में भौतिक शास्त्र के डॉ. अशोक पाटीदार ने एस्ट्रोफिजिक्स एंड कोल्ड प्लाज्मा पर विचार रखे और तारों के निर्माण की प्रक्रिया को समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. दुबे ने संतुलित जीवन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. टी. के. झाला, संयोजिका डॉ. सीमा जैन और वर्षा सिंह राजपूत सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।

### साइकिल से मंदिर जा रहे पुजारी की कार की टक्कर से मौत

**नीमच।** सोमवार सुबह 6 बजे बालाजी धाम स्थित निवास से साइकिल द्वारा गणेश मंदिर आ रहे पुजारी जी की कार की टक्कर से दुर्घटना में मौत हो गईद्य कार चालक ही घायल पुजारी जी को लेकर जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचा।जहां चिकित्सा कौन है जांच के पश्चात मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी अनुसार हमेशा की तरह सायकिल द्वारा अपने बालाजी धाम निवास से सायकिल द्वारा स्टेडियम के पास चौपड़ा गणेश मंदिर आ रहे मंदिर के पुजारी अंबिकाप्रसाद शर्मा उम्र 65 वर्ष को एक कार चालक ने उनके घर से कुछ ही दूर टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार चालक स्वयं अपनी कार में पुजारीजी को चिकित्सकों ने पुजारीजी को मृत घोषित कर दिया। बघाना पुलिस ने से मर्ग कायम कर शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। पुलिस की आगे कार्यवाही जारी है।

### कृषि उपज मंडी में कांग्रेस के लगातार आंदोलनों ज्ञापन के बाद हुवा व्यवस्थाओं में सुधार

**पिपलीया मंडी।** स्थानीय कृषिउपज मंडी में किसान हित में व्यवस्थाओं में सुधारो को लेकर लगातार कांग्रेस द्वारा आंदोलनों ,ज्ञापनों के बाद मंडी में कुछ सुधार हुवा है।मंगलवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता बाबुखा मेवाती,ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल मूलासिया, बालाराम पाटीदार आदि ने मंडी सचिव जगदीशचंद्र भाबर से भेंट की उन्होंने बताया कि पिपलीया-मनासा मार्ग पर लहसुन से भरे वाहनों की लंबी लंबी कतारों से पहले जाम जैसी स्थितियां निर्मित होजाती थी।अब वाहनों को कृषिउपज मंडी के पीछे खड़ा किया जारहा है ताकि जाम नही लगे,साथ ही शेड में भी कुछ व्यापारियों ने कब्जा कर रखा था उसे भी लगभग हटा दिया गया गया,किसानों के लिए ठंडे पानी की भी व्यवस्था है।कांग्रेसनेता अनिल शर्मा एवं बाबुखा मेवाती ने बताया कि कांग्रेस लगातार इन मुद्दों को लेकर मंडी प्रशासन को घेरती आरही थी।नेताद्वय ने बताया कि अभी भी मंडी प्रागण में साफ सफाई नही है इसको भी जल्दी चुस्त दुरुस्त किया जाय साथ ही मंडी बालाजी के पास बने किसान विश्रांति गृह में भी नियमित साफ सफाई एवं भीषणतम गर्मी में ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए मंडी सचिव भाबर ने आश्वस्त किया कि कृषिउपज मंडी में छोटी छोटी कमियों को भी जल्दी दूर किया जाएगा।



## जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी वापस ली

### ईडी ने किया था विरोध, 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने मंगलवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से अपनी वह अर्जी वापस ले ली है, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की मांग की थी।

प्रवर्तन निदेशालय ने उनकी इस अर्जी का कड़ा विरोध किया था। जांच एजेंसी का कहना है कि जैकलीन इस मामले में कोई पीड़ित नहीं बल्कि इस अपराध की मुख्य लाभार्थी रही हैं।

ईडी ने क्यों किया जैकलीन की अर्जी का विरोध? सोमवार को ईडी ने कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया था। जांच एजेंसी ने कहा कि जैकलीन की भूमिका इस केस में बहुत छोटी नहीं है। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए जुटाए गए पैसों से फायदा उठाया है। ईडी ने दलील दी कि जैकलीन को सरकारी गवाह बनाना न्याय के साथ खिलवाड़ होगा, क्योंकि उन्होंने गंभीर अपराध किए हैं। एजेंसी ने उनकी अर्जी को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया।

सुकेश का जानते हुए भी लेती रहीं करोड़ों के गिफ्ट्स ईडी ने अपने जवाब में खुलासा किया कि सुकेश चंद्रशेखर के क्रिमिनल बैकग्राउंड के बारे में पता होने के बावजूद जैकलीन उसके संपर्क में रहीं। सुकेश ने अपराध की कमाई से जैकलीन और उनके परिवार के लिए महंगे गिफ्ट्स और सुख-सुविधाओं का इंतजाम किया था। एजेंसी का कहना है कि दोनों के बीच लगातार बातचीत होती थी और जैकलीन को फायदा पहुंचाया जाता था, जिससे साबित होता है कि वह इस साजिश का हिस्सा थीं। जांच के दौरान सही जानकारी न देने का आरोप एजेंसी ने आरोप लगाया कि जैकलीन ने जांच में सहयोग नहीं किया। उनके बयान अक्सर बदलते रहे और उन्होंने पूरी सच्चाई नहीं बताई। ईडी के मुताबिक, जैकलीन ने शुरूआत में कैश ट्रांजेक्शन, महंगे तोहफों और बैंक अकाउंट्स में ट्रांसफर किए गए फंड्स के बारे में तथ्यों को छिपाया था। उनके बयानों को अधूरा और विरोधाभासी बताया गया है, जिसके लिए बार-बार सबूतों के साथ उनका सामना कराना पड़ा।

# कांस-2026 शुरू, आलिया भट्ट ओपनिंग सेरेमनी में पहुंचीं





उर्वशी रौतेला का लुक भी सामने आया; 40 साल पुरानी फिल्म दिखाई जाएगी; चप्पल पहनना, पर्स रखना मना



दुनियाभर का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल और कल्चरल इवेंट कांस 12 मई से शुरू हो चुका है। फेस्टिवल 23 मई तक फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में जारी रहेगा। लोरियल पेरिस की तरफ से कांस पहुंचीं आलिया भट्ट के अब तक दो लुक सामने आ चुके हैं।

कांस ओपनिंग सेरेमनी के रेड कार्पेट में आलिया भट्ट। आलिया भट्ट ने पिंक बॉडी कॉन फ्लोर लेंड ड्रेस पहनी। वेस्टर्न ड्रेस के साथ आलिया ने लॉन्ग फेब्रिक भी कैरी किया। उन्हें रिया कपूर ने स्टाइल किया है। आलिया भट्ट ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से कांस रेड कार्पेट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। आलिया कोर्सेट-स्टाइल प्रिंटेड बॉल गाउन में नजर आईं। गाउन पर पेस्टल ग्रीन, ब्लू, लैवेंडर और हल्के पीले रंग के शेड्स थे, जो किसी गार्डन पेंटिंग जैसा अहसास दे रहे थे। बंधे बालों के साथ आलिया ने मिनिमल जूलरी पहनी। आलिया कान्स 2026 में लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई हैं। आलिया कान्स 2026 में लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई हैं।

**ये इंडियन सेलेब्स भी कांस में हो रहे हैं शामिल–** आलिया भट्ट और उर्वशी रौतेला के अलावा इस साल भारत से ऐश्वर्या राय, मौनी रॉय, अदिति राव हैदरी और एहसास चन्ना कांस के रेड कार्पेट में पहुंचेंगी। एक्ट्रेस तारा सुतारिया भी कांस रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली हैं। आलिया भट्ट, लॉरियल पेरिस की तरफ से कांस में आई हैं। तभी से कयास लग रहे हैं कि उन्होंने ऐश्वर्या राय को रिप्लेस किया है।

# अल्लू अर्जुन की प्रॉपर्टी कहे जाने पर भड़कीं एक्ट्रेस

साउथ एक्ट्रेस सीरत कपूर हाल ही में उन पर भद्दा कमेंट करने वाले एक शख्स पर भड़क गईं और फटकार लगा दी। दरअसल, 8 मार्च को साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 44वां जन्मदिन मनाया है। इस मौके पर सीरत ने उनके साथ एक्टर के ही प्राइवेट जेट में बैठे हुए एक तस्वीर शेयर कर कैप्शन में उन्हें बर्थडे विश किया। सीरत ने अल्लू को टैग भी किया था।

प्राइवेट जेट की वो तस्वीरें सुर्खियों में रहीं थीं। अब हाल ही में सीरत ने अपनी सिंगल तस्वीर शेयर की, जिसमें वो बोल्ड लुक में दिखी हैं। जहां कई सोशल मीडिया यूजर्स तस्वीर की तारीफ कर रहे थे, वहीं एक शख्स ने लिखा, अल्लू अर्जुन की प्रॉपर्टी। इस भद्दे कमेंट के साथ उस शख्स ने एक इमोजी भी कमेंट किया, जिसमें आंखों में दिल बना हुआ था।



प्राइवेट जेट की फोटो पर आए कमेंट्स, फटकार लगाकर बोलीं- महिला किसी की प्रॉपर्टी नहीं

आमतौर पर सेलेब्स इस तरह के कमेंट नजरअंदाज करते हैं, लेकिन सीरत ने कमेंट पर भड़ककर जवाब देते हुए लिखा, सिर्फ कोई इमोजी जोड़ देने से बात सम्मानजनक नहीं हो जाती सर। कोई भी महिला किसी की प्रॉपर्टी नहीं होती। उसकी अपनी पहचान, अपने सपने और अपनी आवाज होती है। तारीफ कीजिए, लेकिन मालिकाना हक जताकर नहीं। भगवान आपका भला करे। बता दें कि साउथ एक्ट्रेस सीरत कपूर अक्सर अन्य सेलेब्स के साथ तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। बर्थडे के अलावा भी उन्होंने अल्लू अर्जुन के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट की थीं।

सीरत कपूर एक इंडियन एक्ट्रेस, कोरियोग्राफर और मॉडल हैं। उन्होंने 2014 की तेलुगु फिल्म रन राजा रन से एक्टिंग डेब्यू किया था। जिसेक बाद वो बॉलीवुड फिल्म जिद में नजर आई थीं। सीरत को 2023 की सीरीज सेव द टाइगर्स और 2024 की फिल्म भामाकल्पम 2 में देखा जा चुका है।



### आईपीएल हैदराबाद को 82 रन से हराया, सुदर्शन-सुंदर के अर्धशतक, रबाडा और होल्डर को 3-3 विकेट

# गुजरात की लगातार पांचवीं जीत, टेबल टॉपर बनी

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

## हैदराबाद ने अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया, सुदर्शन के लगातार तीसरे सीजन 500 रन पूरे



गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के 56वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने 168 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर सिमट गई।

यह गुजरात की आईपीएल इतिहास में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही, वहीं हैदराबाद ने सबसे छोटा स्कोर बनाया। गुजरात के साई सुदर्शन ने 61 रन की पारी खेली और लगातार तीसरे सीजन 500 रन पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया।

**गुजरात ने रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की–** हैदराबाद को 82 रन से हराकर गुजरात ने आईपीएल इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 77 रन की थी, जो उसने राजस्थान के खिलाफ इसी सीजन जयपुर में हासिल की थी।

**हैदराबाद ने आईपीएल में अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया–** हैदराबाद की टीम गुजरात के खिलाफ 86 रन पर ऑलआउट हो गई। यह आईपीएल इतिहास में हैदराबाद का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम का सबसे छोटा टोटल 2019 में मुंबई के खिलाफ 96 रन था। 86 रन गुजरात के खिलाफ किसी टीम का दूसरा सबसे कम ऑलआउट स्कोर भी है। इससे पहले 2022 में लखनऊ 82 रन पर सिमटी थी।

**हैदराबाद की रन के लिहाज से सबसे बड़ी हार–** हैदराबाद को गुजरात के खिलाफ 82 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में रन के लिहाज से टीम की सबसे बड़ी हार रही। इससे पहले हैदराबाद की सबसे बड़ी हार 2025 में कोलकाता के खिलाफ 80 रन की थी।

**गुजरात ने लगातार पांचवीं जीत दर्ज की–** गुजरात ने आईपीएल 2026 में लगातार पांचवीं जीत हासिल की। टीम इस सीजन लगातार 5 मैच जीतने वाली दूसरी टीम बनी। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद भी लगातार 5 मुकाबले जीत चुकी है। यह गुजरात की आईपीएल इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे लंबी विनिंग स्ट्रीक भी है। इससे पहले टीम ने 2022 सीजन में भी लगातार 5 मैच जीते थे।

**गुजरात इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली टीम–** गुजरात ने आईपीएल 2026 में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। गुजरात के खिलाफ शुरूआती झटकों के बाद गुजरात के पावरप्ले विकेट की संख्या 25 पहुंच गई।

**रबाडा ने इस सीजन पावरप्ले में 16 विकेट चटकाए–** कगिसो रबाडा आईपीएल 2026 में पावरप्ले के सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 3 विकेट लेते ही उनके शुरूआती 6 ओवरों में विकेटों की संख्या 16 पहुंच गई। वह अब आईपीएल इतिहास में एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में मोहम्मद शमी की बराबरी से सिर्फ एक विकेट दूर हैं।

**सुदर्शन ने लगातार तीसरे सीजन 500 रन बनाए–** साई सुदर्शन ने आईपीएल में लगातार तीसरे सीजन 500+ रन पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया।। सुदर्शन 2024 से लगातार हर सीजन में 500 से ज्यादा रन बना रहे हैं। वह अब विराट कोहली, शिखर धवन और क्रिस गेल जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। आईपीएल इतिहास में लगातार सबसे ज्यादा 500+ रन बनाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है, जिन्होंने 2014 से 2020 तक लगातार 6 सीजन में यह कारनामा किया था। क्रिस गेल और साई सुदर्शन आईपीएल इतिहास के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने लगातार 500+ रन वाले हर सीजन में 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। डेविड वॉर्नर ने भी लगातार 500+ रन बनाए, लेकिन 2020 सीजन में उनका स्ट्राइक रेट 140 से कम रहा था। सुदर्शन के अलावा हैदराबाद के हेनरिक क्लासन ने भी इस सीजन अपने 500 रन पूरे किए। 508 रन बनाकर वे इस साल के टॉप स्कोरर हैं।

**सुदर्शन ने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई–** साई सुदर्शन ने आईपीएल 2026 में लगातार तीसरी फिफ्टी जमाई। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन की पारी के साथ उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए लगातार सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इससे पहले हार्दिक पंड्या और शुभमन गिल भी लगातार तीन 50+ स्कोर बना चुके हैं।

### आईपीएल में आज बेंगलुरु-कोलकाता

# केकेआर ने बेंगलुरु को 20 बार हराया



ब्रह्मास्त्र ›› रायपुर

आईपीएल 2026 का 57वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में मुकाबला शाम 7.30 बजे शुरू होगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए अहम है। आरसीबी जीत के साथ प्ले-ऑफ में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी, जबकि कोलकाता के लिए टूर्नामेंट में बने रहने के लिए जीत जरूरी है। बेंगलुरु 14 पॉइंट्स के साथ टेबल में टॉप पर है। दोनों टीमों के बीच अब तक 35 मैच हुए हैं। बेंगलुरु ने 15 और कोलकाता ने 20 मैच जीते हैं। पिछले सीजन दोनों के बीच खेला गया मुकाबला बेंगलुरु ने जीता था। इस सीजन दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी।

**क्रुणाल के अर्धशतक से पिछला मैच जीते–** बेंगलुरु की टीम भले टेबल में टॉप पर हो, लेकिन पिछले मैच में उसकी बल्लेबाजी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्छइ को काफी संघर्ष करना पड़ा था। टीम को जीत दिलाने में क्रुणाल पंड्या के अर्धशतक और आखिरी ओवर में भुवनेश्वर कुमार का सिक्स अहम रहा था।

बेंगलुरु के लिए सबसे बड़ी चिंता कप्तान रजत पाटीदार की फॉर्म है। पाटीदार पिछले छह मैचों में फ्लॉप रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक और एक 20+ स्कोर बनाया है। कोहली 11 मैचों में 379 रन बनाकर टीम के टॉप रन स्कोरर हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









ओमान से समझौता 1 जून से प्रभावी

# चिली के साथ महत्वपूर्ण खनिजों पर करार संभव'



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को बताया कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौता 1 जून, 2026 से प्रभावी होगा। चिली के साथ महत्वपूर्ण खनिजों पर भी समझौता संभव है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक सहनशीलता पर जोर दिया।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को बताया कि भारत के ओमान और चिली के साथ व्यापार समझौतों में अच्छी प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौता 1 जून, 2026 से प्रभावी होने की संभावना है। चिली के साथ महत्वपूर्ण खनिजों पर भी एक समझौता हो सकता है, यदि दोनों पक्ष अभिनव समाधानों पर सहमत हों।

गोयल ने बताया कि ओमान टीम के साथ उनकी बैठक बहुत अच्छी रही और खाड़ी देश के साथ चर्चा सकारात्मक रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि भारत और चिली महत्वपूर्ण खनिजों पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था बना सकते हैं, तो व्यापार समझौता संभव होगा। मंत्री ने वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत के आर्थिक परिदृश्य पर भी बात की।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक व्यापार और निवेश प्रवाह को बाधित किया है। इन चुनौतीपूर्ण समय में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के पास दूसरों से आगे निकलने का बड़ा अवसर है। उन्होंने भारत की सहनशीलता को मौजूदा माहौल में एक रणनीतिक लाभ बताया। देश की 1.4 अरब आबादी की सामूहिक प्रतिबद्धता के कारण भारत का सम्मान किया जाता है।

क्या आप भी हैं ऐसी ही उलझन में? जानें निवेश का सही तरीका

# पहली नौकरी के साथ कैसे करें भविष्य की प्लानिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पहली नौकरी के साथ वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सही निवेश रणनीति जरूरी है। विशेषज्ञ अभिषेक के उदाहरण से समझें कि कैसे एसआईपी के जरिए बहन की पढ़ाई, शादी और घर-कार का सपना सच किया जा सकता है।

अक्सर पहली नौकरी का उत्साह फिजूलखर्ची की ओर ले जाता है। लेकिन 24 साल के अभिषेक सिंह के सपने और जिम्मेदारियों ने उसे फिजूलखर्च करने से रोक रखा है। जनवरी में एक सरकारी बैंक में अधिकारी के रूप में मुंबई में पदभार ग्रहण करने वाले अभिषेक का पहला लक्ष्य अपनी छोटी बहन की उच्च शिक्षा और उसकी शादी को सुरक्षित करना है।

अभिषेक खुद के लिए कार और दिल्ली-एनसीआर में अपने सपनों का घर भी खरीदना चाहते हैं। मुंबई जैसे महंगे शहर में रहते हुए मासिक बचत से अपने सभी लक्ष्यों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। लेकिन, अगर सपनों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाकर लक्ष्य आधारित निवेश रणनीति अपनाई जाए, तो हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

अभिषेक अपनी बचत को सही जगह और सही अनुपात में निवेश करते हैं, तो लक्ष्यों को हासिल करना आसान ही नहीं बनेगा, बल्कि जीवन की ढलान पर भी कोई दिक्कत नहीं होगी।

**सबसे पहले इमरजेंसी फंड बनाएं-** किसी भी निवेश से पहले आपातकालीन फंड बनाना जरूरी है। इसका लक्ष्य 6 महीने के अनिवार्य खर्च को पूरा करना है। इसके लिए एसआईपी के जरिये हर महीने 5,000 रुपये लिक्विड म्यूचुअल फंड में लगाने चाहिए। इसे अपने बैंक खाते के बैकअप के रूप में रखें। यह नौकरी बदलने, मेडिकल इमरजेंसी या अचानक आए खर्चों में काम आएगा।

**बहन की पढ़ाई-** बहन अभी 12वीं में है, उसकी ग्रेजुएशन और कोचिंग के लिए 5,00,000 रुपये की जरूरत होगी। इस राशि को इकट्ठा करने के लिए आपके पास 2 साल का वक्त है। इसके लिए आपको 10,000 रुपये की रक्ढ शॉर्ट ड्यूरेशन डेट फंड और बैंक एफडी में रखना चाहिए। कम समय सीमा होने के कारण इक्विटी से बचें। कोई भी बोनस या एरियर मिलने पर उसे इस फंड में जमा करें। सरकारी बैंक कर्मचारी होने के नाते रियायती ब्याज दरों और पीएम आवास योजना का लाभ उठाएं।



- **कार का सपना-** अगले 6 साल में 10 लाख की कार खरीदने के लिए 40% डाउन पेमेंट की जरूरत होगी। इसके लिए हर महीने एसआईपी के जरिये 4,000 रुपये इक्विटी म्यूचुअल फंड (फ्लेक्सी-कैप/लार्ज-कैप) में जमा करें। 2 साल बाद जब बहन की शिक्षा के लिए चल रही 10,000 की एसआईपी पूरी हो जाए, तो उस राशि को इस लक्ष्य की ओर मोड़ दें।
- **बहन की शादी-** शादियों के खर्च में सालाना 8% की बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए बजट 20 लाख रुपये होगा। इसकी समय सीमा 6 साल है। इसलिए 20,000 की एसआईपी इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुरू करें। एसआईपी में हर साल 10% की बढ़ोतरी जरूर करें।
- **खुद की शादी-** अभिषेक को 8 साल बाद शादी करना है। इसके लिए 20 लाख रुपये की जरूरत होगी। इसे जोड़ने के लिए हर महीने 18,000 रुपये की एसआईपी इक्विटी म्यूचुअल फंड खासकर फ्लेक्सी-कैप फंड में शुरू करें। एक सरकारी कर्मचारी के रूप में आपकी आय स्थिर है, इसलिए 8 साल की अवधि के लिए इक्विटी फंड सबसे उपयुक्त हैं।
- **अपना घर-** दिल्ली-एनसीआर में अगले 8-10 साल में घर खरीदने के लिए डाउन पेमेंट और रजिस्ट्रेशन के लिए करीब 23 लाख रुपये की जरूरत होगी। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर महीने 10,000 रुपये की सिप इक्विटी (फेज-1) में शुरू करें। 8 साल बाद जब शादी के लक्ष्यों की एसआईपी पूरी हो जाए, तो उस पूरी राशि को घर के फंड में लगा दें।

### अभिषेक के लिए खास सलाह

- **एसआईपी स्टेप-अप:** अपनी सैलरी बढ़ने या डीए रिवीजन के साथ हर साल निवेश में 10% की बढ़ोतरी करें।
- **बीमा सुरक्षा:** सरकारी कर्मचारी होने के नाते सीजीएचएस कवरेज की जांच करें और अतिरिक्त 1 करोड़ रुपये का टर्म इंश्योरेंस जरूर लें।
- **इमरजेंसी फंड:** किसी भी अन्य निवेश से पहले 3 लाख रुपये का आपातकालीन फंड बनाना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।
- **सरकारी लाभ:** दिल्ली में फ्लैट के लिए पीएम आवास योजना और बैंक कर्मचारियों को मिलने वाली रियायती होम लोन दरों का लाभ उठाएं।

सरकारी बैंकों का

# मुनाफा 1.98 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

देश के सरकारी बैंकों ने मुनाफे का नया रिकॉर्ड बना दिया है। पीएसबी यानी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंका का शुद्ध मुनाफा बीते वित्तीय वर्ष में 11.1 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर 1.98 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मुनाफे में लगातार चौथे साल में वृद्धि दर्ज की गई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैकों (पीएसबी) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हासिल किया है। भारतीय बैंकों में मुनाफे का सिलसिला लगातार चौथे वर्ष में जारी है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार इस बारे में बताया। मंत्रालय के अनुसार बैकों की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार, स्वस्थ ऋणों में सुधार और मजबूत आमदनी के कारण बैंकों को मुनाफा बढ़ाने में सफलता मिली।

बीते वित्त वर्ष के लिए सरकारी बैंकों का कुल परिचालन लाभ बढ़कर 3.21 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वहीं बैंकों का शुद्ध मुनाफा 11.1 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर 1.98 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पीएसबी का मुनाफा लगातार चौथे साल में बढ़ा है।

**सरकारी बैंकों का कुल कारोबार 283.3 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा-** समेकित रूप से सभी सरकारी बैंकों का कुल कारोबार भी 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 283.3 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसमें पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 12.8 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंकों का कुल जमा 10.6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 156.3 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर जमाकताओं के बढ़ते भरोसे का प्रतीक है।

सस्ते श्रम का दुरुपयोग रोकने के लिए सरकार ने रखीं शर्तें

# कंपनियों में अब 25% तक हो सकेंगे प्रशिक्षु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार कंपनियों में शिक्षार्थियों की सीमा 25% तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। सस्ते श्रम का दुरुपयोग रोकने के लिए शर्तें और एमएसएमई के लिए नए नियम लागू होंगे। पूरी बिजनेस न्यूज और रोजगार के नए अवसरों के बारे में जानने के लिए यहां क्लिक करें।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने सोमवार को कहा कि सरकार प्रतिष्ठानों को कुल कर्मचारियों के 25 फीसदी तक प्रशिक्षु को रखने की अनुमति दे सकती है। यह अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी जाएगी ताकि उनका सस्ते श्रम के रूप में उपयोग न हो। केंद्र सरकार मूल्यांकन प्रणालियों को मजबूत करने पर भी विचार कर रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षार्थी वास्तविक कौशल सीखें।

उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में यह बात कही। कई बड़े उद्योगों ने सरकार से 25 फीसदी शिक्षार्थियों को रखने की अनुमति मांगी है। वर्तमान में यह सीमा 2.5 से 15 फीसदी के बीच है। अभी देश में 30 लाख प्रशिक्षु इस प्रणाली का हिस्सा हैं।



**शिक्षार्थियों को रखने की शर्तें-** मुखर्जी ने बताया कि 25 फीसदी शिक्षार्थियों को रखने के लिए तीन शर्तें पूरी करनी होंगी। पहली शर्त यह है कि प्रतिष्ठान पिछले तीन वर्षों में 15 फीसदी की सीमा तक पहुंच चुके हों। दूसरी शर्त के अनुसार, उन्हें अनिवार्य न्यूनतम दर से कम से कम 30 फीसदी अधिक भुगतान करना होगा। तीसरी शर्त यह है कि वे लिए गए शिक्षार्थियों में से कम से कम 35 फीसदी या उससे अधिक को नौकरी दें। यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षार्थियों का उपयोग केवल सस्ते श्रम के रूप में न हो।

### मूल्यांकन और एमएसएमई क्षेत्र की चुनौतियां

सचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी रिपोर्टें मिली हैं कि प्रशिक्षु को अक्सर ठीक से सिखाया नहीं जाता। सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में भी शिक्षार्थियों को एक विशेष क्षेत्र के लिए लिया जाता है, फिर उन्हें मानव संसाधन भूमिकाओं में डाल दिया जाता है। सरकार ऐसी प्रथाओं को रोकना चाहती है और मूल्यांकन प्रणालियों को मजबूत कर रही है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में प्रशिक्षु कार्यक्रमों में प्रगति न होने की चुनौती भी बताई। उन्होंने क्लस्टर मॉडल अपनाने का सुझाव दिया, जहां एमएसएमई संघ सैद्धांतिक और मूल्यांकन भाग संभाल सकते हैं।

देबाश्री मुखर्जी ने यह भी बताया कि सरकार स्कूल हब बनाने पर विचार कर रही है। यह उद्योग के साथ साझेदारी में हो सकता है। इसका उद्देश्य 9वीं से 12वीं कक्षा तक की शिक्षा का प्रभावी व्यवसायीकरण करना है। इसके बाद छात्र आसानी से आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश कर सकेंगे।

अपील पर अमल: खर्चों में कमी से

# बचेंगे 5.6 लाख करोड़ रुपये बदलेगी देश की तस्वीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए खपत घटाने का मास्टर प्लान तैयार किया है। तेल, सोना और विदेश यात्रा पर लगाम लगाकर देश 5.6 लाख करोड़ रुपये बचा सकता है, जो अर्थव्यवस्था को स्थिरता देने के लिए संजीवनी साबित होगा। क्या है सरकार की योजना?

ईरान संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उछाल के बीच पीएम नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल के संयमित इस्तेमाल, सोने की खरीद एक साल रोकने और विदेश यात्रा नहीं करने की अपील पर अमल से भारत एक साल में 59.2 अरब डॉलर (करीब 5.6 लाख करोड़ रुपये) की विदेशी मुद्रा बचा सकता है। अनुमान वित्त वर्ष 2025-26 के कच्चा तेल, सोना, खाद्य तेल और उर्वरक आयात के साथ विदेश यात्रा पर खर्च के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है।

भारत ने 2025-26 में 135 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था। उधर, सरकार ईंधन खपत में 20% तक की कटौती करना चाहती है, जिससे सालाना 27 अरब डॉलर की बचत होगी। इसी प्रकार, बीते वित्त वर्ष भारत ने 72 अरब डॉलर का सोना आयात किया था। अगर इसमें 10% की भी कमी आती है, तो हर साल 7.2 अरब डॉलर की बचत होगी।

**ईंधन की खपत में 20 फीसदी कमी का लक्ष्य-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो रुपया के कमजोर पड़ने के साथ सभी चीजें महंगी हो जाती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार का लक्ष्य लोगों के व्यवहार और खपत में बदलाव लाकर ईंधन की मांग में 20% तक की कमी लाना है। खपत कम होने से मांग का दबाव अपने आप कम हो जाएगा। इससे कीमतों को नीचे लाने में मदद मिलेगी और आपूर्ति शृंखला पर पड़ने वाला दबाव भी घटेगा। अन्य देश भी ऊर्जा बचत और मांग नियंत्रित करने के ऐसे ही उपायों पर जोर दे रहे हैं।

## आरएसएस महासचिव बोले- पाकिस्तान से बातचीत, वीजा सर्विस जारी रखें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। दोनों देशों को एक-दूसरे को वीजा भी देना चाहिए। खेलकूद और व्यापार भी होना चाहिए। लेकिन पुलवामा जैसे हमले का जवाब भी मजबूती से देना होगा।

विजय जोशी को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक संबंध पुराने हैं और हम एक ही राष्ट्र रहे हैं। राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर भरोसा कम होने के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों और सिविल सोसायटी को आगे आना चाहिए।

**सनातन खत्म करने पर-** उदयनिधि स्टालिन ने सनातन खत्म करने की बात कही है। लेकिन सनातन शाश्वत है, सिर्फ इसलिए गायब नहीं हो जाएगा क्योंकि कोई कहता है कि इसे खत्म कर देना चाहिए।

**ईरान युद्ध संसाधनों की लड़ाई-** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष सभ्यताओं का संघर्ष नहीं बल्कि तेल और संसाधनों को लेकर पैदा हुआ विवाद है। दुनिया के ज्यादातर युद्ध लालच, अहंकार और दूसरों पर कब्जा करने की मानसिकता से जन्म लेते हैं। इतिहास में हर दौर में युद्ध होते रहे हैं और आगे पानी को लेकर भी संघर्ष की आशंका जताई जा रही है। युद्ध मानवता को खत्म नहीं करेंगे, लेकिन मानव जीवन और व्यवस्था को जरूर बदल देंगे।

**पीएम मोदी की अपील का समर्थन-** युद्ध जैसी स्थिति हो या न हो, भारतीय जीवनशैली में सादगी और संयम हमेशा होना चाहिए। संकट के समय यह और ज्यादा जरूरी हो जाता है। भारत दुनिया के देशों और नेताओं को शांति और समझदारी का संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### 10 मई को मोदी बेंगलुरु गए थे

# प्रधानमंत्री के रूट पर विस्फोटक के बाद अब टाइमर मिला, दावा- आरोपी जोड़ नहीं पाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी के 10 मई को बेंगलुरु दौरे के दौरान मिलीं जिलेटिन की छड़ों के बाद अब ऐसे अतिरिक्त सामान भी बरामद हुए हैं, जिनसे धमाका ट्रिगर किया जा सकता है।

पुलिस को तीन दिन बाद वहीं से एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और टाइमर मिला है। ये सामग्री एक गत्ते के डब्बे में थीं। पुलिस ने आशंका जताई कि जिन लोगों ने इसे वहां रखने की कोशिश की, वे इसे असेंबल (जोड़) नहीं पाए। प्रधानमंत्री 10 मई को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के 45वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। विस्फोटक सामग्री कार्यक्रम स्थल के पास कागलीपुरा इलाके के पास से बरामद की गई थी।





### पुलिस को कॉल आया कि बम लगाया है, तब जांच शुरू

10 मई को जब पीएम मोदी को बेंगलुरु में कार्यक्रम में जाना था। उसी दिन सुबह 7 बजे के करीब पुलिस को एक फोन कॉल आया। जिसमें कॉलर ने कहा कि उसने बम लगाया है। इस कॉल के आधार पर पुलिस हरकत में आई और शहर के कोरमंगला इलाके से एक व्यक्ति को अरेस्ट कर लिया। कुछ घंटों बाद, पुलिस टीम को हाईवे से कुछ मीटर की दूरी पर जिलेटिन का डिब्बा मिला। इसी रास्ते से पीएम मोदी की कार गुजरने वाली थी।

पीएम मोदी कर्नाटक के बेंगलुरु में 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने गए थे। उन्होंने यहां मंदिर में पूजा की और एक 'ध्यान मंदिर' का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पीएम ने मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, प्रकृति संरक्षण से जुड़ी योजनाएं भी शुरू कीं।

यह कार्यक्रम श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मदिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 182 से ज्यादा देशों से लोग जुड़े थे।

### 2022 में पंजाब में पीएम की सुरक्षा में चूक हुई थी, 20 मिनट रुका रहा था काफिला

साल 2022 में पंजाब के फिरोजपुर जिले के एक फ्लाईओवर पर पीएम का काफिला 20 मिनट तक रुका रहा था। उनसे कुछ ही दूरी पर किसान हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे। बारिश के बीच आगे जाने का रास्ता न मिलने पर प्रधानमंत्री को बठिंडा एयरपोर्ट लौटना पड़ा। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों की सांसें थमी रहीं, कहीं ढट के साथ कुछ अनहोनी न हो जाए।

पीएम की सुरक्षा स्पेशल प्रोटेक्शन गार्ड के हवाले होती है। इसकी स्थापना 1988 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई। रढञ्च कमांडो अत्याधुनिक हथियारों, बुलेटप्रूफ गियर और क्लोज-कॉम्बैट ट्रेनिंग से लैस होते हैं। ढट के आसपास हमेशा ह्डायमंड फॉर्मेशनह्ल में तैनाती रहती है।

## सरकार ने सोना-चांदी पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाइ, 6% से बढ़ाकर 15% की



केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है। बुधवार को जारी आदेश में यह फैसला लिया गया। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। इस फैसले से देश में सोना-चांदी की मांग पर असर पड़ सकता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। हालांकि, इससे देश का व्यापार घाटा कम हो सकता है और रुपए को कुछ सहारा मिल सकता है। रुपया कल यानी 12 मई को ऑलटाइम लो पर चला गया था। डॉलर के मुकाबले इसकी कीमत 95.50 हो गई थी। सरकार ने सोने पर 10% बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5% एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (अक्द्ध) लगाया है। इस तरह कुल प्रभावी टैक्स 15% हो गया है। इससे पहले 2024 के बीच में टैरिफ घटाकर 6% किया गया था। वहीं, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि टैक्स बढ़ने से तस्करी बढ़ सकती है। इससे पहले जब ड्यूटी कम की गई थी, तब स्मगलिंग में कमी आई थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने कहा कि सरकार ने करंट अकाउंट डेफिसिट को काबू में रखने के लिए यह कदम उठाया है।

### हरियाणा में ओले, यूपी के बरेली में आंधी से चलती गाड़ियों पर पेड़-खंभे गिरे;

# राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





राजस्थान में मंगलवार को रिकॉर्ड गर्मी रही। इस सीजन में पहली बार तापमान 48 डिग्री के पार पहुंच गया। बाड़मेर देश में सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 48.3 डिग्री दर्ज हुआ। फलोदी में 46.4 डिग्री, जैसलमेर में 45.8 डिग्री , चित्तौड़गढ़ में 45.6 डिग्री और बीकानेर में 45 डिग्री तापमान रहा।

मध्य प्रदेश में दो तरह का मौसम देखने को मिला। एक तरफ रतलाम लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। यहां पारा 46.5 डिग्रीरहा। इसके बाद धार 44.5 डिग्री के साथ एमपी का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। निवाड़ी जिले के बीजौर में तेज आंधी और बारिश के साथ ओले गिरे।

हरियाणा के पिनगवा में जमकर ओले गिरे। पंचकूला, यमुनानगर, करनाल और गुरुग्राम में तेज बारिश हुई। उत्तर प्रदेश के बरेली और रामपुर में 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूलभरी आंधी चली। इससे सड़क किनारे लगे खंभे उखड़ गए। चलती गाड़ियों पर पेड़ की टहनियां टूटकर गिर गईं।

बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक महिला 4 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के सांगली में तेज आंधी के कारण एक मंदिर की दीवार गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। केरल के मलप्पुरम में बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि इस हफ्ते के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में पहुंचने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। मुताबिक दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र अभी उसी इलाके में सक्रिय है। इसके साथ जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से करीब 4.5 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। विभाग ने कहा कि अगले 48 घंटों में यह सिस्टम और मजबूत हो सकता है।

आमतौर पर मानसून 20 मई के आसपास अंडमान-निकोबार पहुंचता है। मानसून 1 जून को केरल में दस्तक देता है। इसके साथ ही देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन की शुरूआत मानी जाती है, जो सितंबर तक चलता है।

राजस्थान में भीषण गर्मी है। मंगलवार को लगातार तीसरे दिन बाड़मेर देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां दिन का तापमान 48.3 डिग्री तक पहुंच गया। ये सीजन का अब तक का सर्वाधिक टेम्प्रेचर है। इस बीच मौसम विभाग ने बुधवार (13 मई) को 3 जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। दिन के समय लोगों को घर से नहीं निकलने की भी एडवाइजरी जारी की गई है। अगले तीन दिन भी गर्मी और हीटवेव की चेतावनी है। पिछले 24 घंटे में राज्य के उत्तरी जिलों को छोड़कर शेष सभी हिस्सों में मौसम साफ रहा।

**50 डिग्री पहुंचने की आशंका:** रेगिस्तानी जिले बाड़मेर में दिन का तापमान 48 डिग्री को पार कर गया है। मौसम एक्सपर्ट को आशंका है कि कुछ दिनों में टेम्प्रेचर 50 डिग्री तक पहुंच सकता है। मंगलवार को दर्ज अधिकतम तापमान इस सीजन का सबसे ज्यादा टेम्प्रेचर है। देश के सबसे गर्म शहर बाड़मेर में बीते दो दिन में करीब दो डिग्री तक तापमान बढ़ा है।

## 26 घंटे में 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में चलती ट्रेन और अस्पताल में तीन हत्याएं करने वाला साइको किलर सोमवार रात 12 बजे पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। चंदौली रढ आकाश पटेल ने बताया- पुलिस आरोपी को क्राइम सीन रीक्रिएट कराने लेकर गई थी। इसी दौरान उसने पुलिस अफसर की पिस्टल छीन ली और फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसे सिर और सीने में गोली लग गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मुठभेड़ शहर से 15 किमी दूर दरियापुर रेलवे लाइन के पास हुई। इसमें दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

सेना से रिटायर साइको किलर गुरप्रीत सिंह (45) पंजाब का रहने वाला था। उसने चंदौली में 26 घंटे के भीतर बेवजह तीन हत्याएं की थीं। तीनों वारदात का पैटर्न एक जैसा था- गोली सीधे कनपटी पर मारी गई थी। आरोपी ने 26 घंटे में 3 हत्याएं की थीं गुरप्रीत ने पहली हत्या रविवार (10 मई) सुबह करीब 7 बजे पैसेंजर ट्रेन में एक युवक को गोली मार दी। दूसरी हत्या रविवार रात 2 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में बाथरूम गए युवक को गोली मार दी। तीसरी हत्या सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे की। इसमें आरोपी ने प्राइवेट अस्पताल में घुसकर बेड पर लेटी महिला की कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी। महिला की हत्या करके भागने लगा तो भीड़ ने पकड़कर पीटा, फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पिटाई से गुरप्रीत जख्मी हो गया था। पुलिस ने उसका इलाज कराया। जब वह बोलने लायक हुआ तो महिला की हत्या करने की वजह पूछी गई। जवाब में उसने कहा- मैं मन का राजा हूं। शराब पीने के बाद मैं होश में नहीं रहता।

### ट्रम्प बोले- ईरान के खिलाफ हर हाल में जंग जीतेंगे

# समझौता करेंगे या तबाह हो जाएंगे; अमेरिका ने युद्ध में अब तक 29 अरब डॉलर खर्च किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी संघर्ष में अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद है। ट्रम्प ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में ईरान युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट पर भी चर्चा होगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि व्यापार दोनों नेताओं की बैठक का मुख्य मुद्दा रहेगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह खर्च सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर हुआ है। इसमें सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का खर्च शामिल नहीं है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ कांग्रेस पहुंचे और अतिरिक्त रक्षा बजट की मांग की। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे प्रभावी सैन्य ताकत बने रहने के लिए अमेरिका को 1.5 लाख करोड़ डॉलर की जरूरत है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास अभी भी कई सैन्य विकल्प मौजूद हैं, जिनमें संघर्ष बढ़ाना भी शामिल है। इससे पहले ट्रम्प कह चुके हैं कि ईरान के साथ मौजूदा युद्धविराम वेंटिलेटर पर है। शांति वार्ता अटकने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 3% से ज्यादा तेजी आई। ब्रेंट क्रूड 107.68 डॉलर प्रति बैरल और हळक 101.61 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड (क्क्क्ष्ठ) ने कहा कि अब होर्मुज स्ट्रेट सिर्फ समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि 500 किलोमीटर तक फैला ऑपरेशन एरिया माना जाएगा।

रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान ने अमेरिकी हमलों से बचाने के लिए ईरानी सैन्य विमानों को नूर खान एयरबेस पर पार्किंग की अनुमति दी। इजराइल ने लेबनान के नबातियेह क्षेत्र के जेबचीत कस्बे पर लगातार 4 एयरस्ट्राइक कीं। मस्जिद के आसपास भी हमला हुआ और बाद में तोपों से गोलाबारी की गई। ट्रम्प प्रशासन ने बढ़ती तेल कीमतों और सप्लाई संकट के बीच अमेरिकी स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व से 5.33 करोड़ बैरल कच्चा तेल जारी करने का फैसला किया। यह तेल ऊर्जा कंपनियों को लोन के रूप में दिया जाएगा।

ट्रम्प ने अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता की खुलकर तारीफ की है। ट्रम्प ने कहा कि पाकिस्तान बिल्कुल बेहतरीन काम कर रहा है।


हाल के दिनों में पाकिस्तान की मध्यस्थता को लेकर अमेरिका में सवाल उठे हैं। उइर न्यूज की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अमेरिकी हमलों से बचाने के लिए ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी थी। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा था कि अगर रिपोर्ट सही है तो पाकिस्तान की भूमिका की पूरी समीक्षा होनी चाहिए। उठठ की रिपोर्ट में भी कहा गया था कि ट्रम्प प्रशासन के कुछ अधिकारियों को शक है कि पाकिस्तान ईरान की स्थिति को अमेरिका के सामने ज्यादा नरम तरीके से पेश कर रहा है।पाकिस्तान पिछले कई हफ्तों से अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से भी इस मुद्दे पर बातचीत की थी।



### ईरान जंग के बीच ट्रम्प चीन दौरे पर रवाना

ईरान जंग के बीच ट्रम्प मंगलवार रात चीन दौरे पर रवाना हो गए। बीजिंग में उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होगी, जहां दोनों नेता व्यापार, ईरान युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प बुधवार को बीजिंग पहुंचेंगे। शी जिनपिंग के साथ उनकी बैठक गुरुवार और शुक्रवार को प्रस्तावित है। यह पिछले 9 वर्षों में ट्रम्प का पहला चीन दौरा होगा। रवाना होने से पहले ट्रम्प ने कहा कि वह शी जिनपिंग के साथ ईरान मुद्दे पर लंबी बातचीत करेंगे। ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा, ह्लया तो वे समझौता करेंगे या तबाह हो जाएंगे। किसी भी तरह हम जीतेंगे।ह्व उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास सैन्य और कूटनीतिक दोनों विकल्प खुले हैं। ईरान हाल ही में चेतावनी दे चुका है कि दोबारा हमला हुआ तो वह 90% यूरेनियम संवर्धन की दिशा में जा सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान संकट पर चीन की भूमिका इस दौरे में अहम रह सकती है।

## रिपोर्ट- पाकिस्तान ने ईरान के एयरक्राफ्ट छिपाने में मदद की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी। यह दावा न्यूज ने रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि अप्रैल में सीजफायर के ऐलान के कुछ दिन बाद ईरान ने कई विमान पाकिस्तान एयरफोर्स के नूर खान एयरबेस भेजे। रिपोर्ट में कहा गया है कि भेजे गए विमानों में ईरानी एयरफोर्स का फ्छ-130 विमान भी शामिल था। यह लॉकहीड उ-130 हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का खुफिया और निगरानी मिशन वाला वर्जन माना जाता है। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी माना है कि ये विमान उसके एयरबेस पर पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्धविराम के दौरान आए थे और उनका किसी सैन्य अभियान से कोई संबंध नहीं है। वॉशिंगटन में अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा, अगर यह रिपोर्ट सही है, तो ईरान, अमेरिका के बीच मध्यस्थ के तौर पर पाकिस्तान की भूमिका पर नए सिरे से विचार करना होगा। इजराइल को लेकर पाकिस्तानी रक्षा अधिकारियों के पहले दिए गए बयानों को देखते हुए मुझे इस खबर पर हैरानी नहीं होगी।

## अमेरिका की पूर्व मेयर चीनी जासूस निकली, गैरकानूनी तरीके से चीन के लिए काम करने की बात मानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के आर्केडिया शहर की पूर्व मेयर एलीन वांग ने चीन के लिए गैरकानूनी तरीके से काम करने की बात मान ली है। अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक, वह 2020 से 2022 के बीच चीन सरकार के कहने पर चीन समर्थक प्रचार चला रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि वांग ने अमेरिकी सरकार को बिना जानकारी दिए चीन के पक्ष में कंटेंट फैलाया। वह ह्यवर न्यूज सेंटरह्न नाम की वेबसाइट चलाती थीं, जिसमें चीन के समर्थन वाली खबरें प्रकाशित होती थीं। जांच में सामने आया कि वेबसाइट पर चीन सरकार के पक्ष में ऐसे लेख भी डाले गए, जिनमें शिनजियांग में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार के आरोपों को गलत बताया गया था। 58 साल की वांग ने सोमवार को मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। उन पर विदेशी सरकार के एजेंट के तौर पर काम करने का आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ब्लास्ट, 2 पुलिसकर्मियों समेत 7 की मौत, 23 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में मंगलवार को ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में 2 पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक ब्लास्ट सराय नौरंग तहसील के एक व्यस्त चौराहे पर हुआ। यहां ट्रैफिक पुलिस वार्डन बन्नू और डेरा इस्माइल खान के बीच ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे। लक्की मरवत पुलिस के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि विस्फोटकों से भरा लोडर रिक्शा वहां खड़ा था या किसी आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। बम निरोधक दस्ता ब्लास्ट के नेचर का पता लगाने में जुटा है। मृत पुलिसकर्मियों की पहचान आदिल जान और राहतुल्लाह के रूप में हुई है। दोनों के शव तहसील हेडक्वार्टर अस्पताल भेजे गए हैं। घायलों में एक किशोरी और एक महिला भी शामिल हैं। कुछ घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कई दुकानों और थ्री-व्हीलर वाहनों को नुकसान पहुंचा दिखाई दिया। ब्लास्ट के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने इलाके को घेरकर सबूत जुटाने शुरू कर दिए। शनिवार रात बन्नू के फतेह खेल पुलिस पोस्ट पर आत्मघाती हमले में 15 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने अफगान चार्जे डी अफेयर्स को तलब कर कहा था कि जांच में हमले के तार अफगानिस्तान में मौजूद आतंकियों से जुड़े मिले हैं।

# हंतावायरस से 3 और यात्री संक्रमित हुए:अमेरिका, फ्रांस और स्पेन के रहने वाले; टोटल केस 9 हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

हंतावायरस के संपर्क में आए 3 और लोगों में संक्रमण मिला है। इनमें एक अमेरिकी और एक फ्रांसीसी यात्री शामिल हैं, जो पहले अपने-अपने देश लौट चुके थे। वहीं, मैड्रिड में क्वारैंटाइन एक स्पेनिश नागरिक की शुरूआती रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।


अब तक 3 यात्रियों की मौत हो चुकी है। 11 अप्रैल को एक बुजुर्ग डच यात्री की जहाज पर मौत हुई थी। उनकी पत्नी बाद में दक्षिण अफ्रीका में मृत मिलीं। 2 मई को एक जर्मन महिला की जहाज पर मौत हो गई। ये सभी यात्री टश होंडियस नाम की उस क्रूज शिप से लौटे हैं, जहां वायरस के मामले सामने आए थे। यह जहाज स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में रुका था। जहाज से जुड़े हंतावायरस के 9 केस कन्फर्म हो चुके हैं।



जहाज से लौटने वाले सभी लोगों के लिए 42 दिन आइसोलेशन की सिफारिश की है। हालांकि अमेरिकी ने कहा कि वायरस का इंसान से इंसान में फैलना दुर्लभ है और इसे कोविड जैसी महामारी नहीं माना जाना चाहिए। इससे पहले सोमवार को हंतावायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को अमेरिका के नेब्रास्का मेडिकल सेंटर लाया गया। यहां उन्हें 42 दिनों तक निगरानी और क्वारिंटीन में रखा जाएगा।


हंतावायरस से इंसानों की किडनी फेल होने का खतरा होता है। कई मामलों में मरीज को तेज बुखार, शरीर दर्द, सांस लेने में दिक्कत और कमजोरी होने लगती है। हालत बिगड़ने पर फेफड़ों में पानी भर सकता है और जान का खतरा भी हो सकता है।

## नेपाल में तीर्थयात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 4 की मौत; 20 घायल



नेपाल के लुंबिनी प्रांत के अघार्खांची जिले में मंगलवार को बड़ा बस हादसा हो गया। तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक, बस में करीब 30 यात्री सवार थे। सभी लोग सुपा देउराली धार्मिक स्थल से दर्शन कर लौट रहे थे। मरने वालों में 3 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर राहत और बचाव अभियान चलाया।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-5
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | | | | | | | | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | वं | ध | न | झ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | ह्य | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | ठो | शि | श | रा | क |
| च | र | ट | घ | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| शं | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | विं | त्रि |
| व | रा | व | ल | ध | इ | क | पा | र्का | ज | दू |
| ग | ण | औ | र | जी | ल | ह्री | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | जैं | व | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | पे | श | च | तु | र्थी | व | श | त्रु | ध्व | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# पीएम की बचत की अपील दिल्ली में मंत्री ई-रिक्शा से चले

# मध्यप्रदेश- जज साइकिल से हाईकोर्ट पहुंचे, सीएम का काफिला घटा



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भोपाल के शिवाजी नगर स्थित अपने सरकारी आवास से ई स्कूटी के जरिए पंचानन भवन पहुंचे।



# उत्तरप्रदेश में वर्क फ्रॉम होम

**पीएम मोदी की बचत की अपील का असर चार राज्यों में दिख रहा है। दिल्ली में मंत्री आशीष सूद ने कार्यक्रम में जाने के लिए पहले मेट्रो, फिर ई-रिक्शा की सवारी की। मध्यप्रदेश में जस्टिस डीडी बंसल साइकिल चलाकर हाईकोर्ट पहुंचे। यही नहीं सीएम मोहन यादव ने अपने काफिल में गाड़ियों की संख्या घटा दी है। उधर उत्तर प्रदेश में सांसद-विधायकों को एक दिन बस-मेट्रो से चलने का आदेश दिया गया। वहीं राज्य में जितनी भी बड़े कॉरपोरेट ऑफिस हैं वहां हफ्ते में 2 दिन वर्क फ्रॉम होम होगा। इसके अलावा महाराष्ट्र में मंत्री आशीष सेलार ने विदेश यात्रा टालने का ऐलान किया। उन्होंने सोमवार को कहा कि वे इस साल फ्रांस में होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगे।**



## पीएम मोदी ने लगातार 2 दिन कहा- पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करें

देश में ऊर्जा संकट को लेकर पीएम मोदी की अपील के बाद यूपी में योगी सरकार ने मंगलवार को 7 बड़े फैसले लिए हैं। मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अफसरों का काफिला 50% घटेगा। हफ्ते में एक दिन इन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट या बस-मेट्रो से चलना होगा।

सभी सरकारी बैठकें, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप वर्चुअल होंगी। राज्य सचिवालय की भी 50% बैठकें वर्चुअल होंगी। सीएम ने कहा, जिन कंपनियों में बड़ी संख्या में कर्मचारी हैं, उन्हें सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम के लिए राज्य स्तर पर एडवाइजरी जारी की जाए।

सीएम योगी ने लोगों से 10 अपील भी की है। उन्होंने कहा कि हफ्ते में एक दिन नो व्हीकल डे मनाया जाए। पेट्रोल-डीजल और बिजली बचाएं। सजावटी लाइटें कम जलाई जाएं। बेवजह सोना न खरीदें। योगी ने कहा, इस समय दुनिया में उथल-पुथल है। ऐसे में सभी को सावधानी बरतनी होगी। पीएम के आह्वान का पालन करना होगा। सरकारी कर्मचारियों, स्कूलों-कॉलेजों के बच्चों समेत समाज के विभिन्न वर्गों को इस अभियान से जोड़ा जाए।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह सभी फैसले मंगलवार शाम लखनऊ में अपने आवास पर अधिकारियों के साथ अहम बैठक में लिए। जिसमें सभी प्रमुख विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रधान सचिव मौजूद रहे। ईरान-इजराइल युद्ध के चलते पैदा हुए ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों के बीच पीएम मोदी ने 10 और 11 मई को लोगों से पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के संयमित उपयोग, अनावश्यक विदेश यात्रा कम करने, सोने की खरीदारी पर ब्रेक लगाने और वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की अपील की थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 और 11 मई को सार्वजनिक मंच से कहा कि आज के समय में पेट्रोल-डीजल और गैस का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं।

भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है। हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। आज हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि पहले जब युद्ध होता था लोग सोना दान में दे देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है, लेकिन हमें आज ये संकल्प लेना होगा कि अगले 1 साल तक कोई भी कार्यक्रम हो, सोना न खरीदें। इससे विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

## हेमंत खंडेलवाल बोले- पीएम की अपील का असर जरूर होगा

वहीं बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा- पीएम की अपील का असर जरूर होगा। आज हमारे नेताओं ने ई-रिक्शा से जाकर इसकी शुरूआत की है। हालांकि, कुछ समर्थक जरूर गाड़ियों से आ गए थे। हम अपील करेंगे कि आने वाले समय में सभी कार्यकर्ता और नागरिक पेट्रोल-डीजल की खपत कम करें। सामान्य परिवहन का उपयोग करें। हमारा इंपोर्ट कम हो और डीजल-पेट्रोल का उपयोग सीमित रहे, इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के बेटे 200 गाड़ियों के काफिले के साथ निकले। रील भी बनाई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। पीएम मोदी की अपील के बाद भोपाल दक्षिण-पश्चिम से बीजेपी विधायक भगवानदास सबनानी भी सोमवार को ई-रिक्शा से सफर करते नजर आए। सबनानी लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी, उपाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन और कुश समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाह के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने ई-रिक्शा से उनके दफ्तर पहुंचे।

## 13 की जगह 8 वाहन, मंत्रियों के काफिले भी सीमित, वाहन रैलियों पर रोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग करने की अपील के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में अब मंत्रियों और वीआईपी काफिलों में गाड़ियों की संख्या सीमित की जाएगी। साथ ही सरकारी दौरों और भ्रमण के दौरान रैलियों पर भी रोक रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जेड+ सुरक्षा श्रेणी प्राप्त है। इसी वजह से उनके काफिले में अब तक कुल 13 वाहन शामिल रहते थे। नए आदेश के बाद भोपाल में स्थानीय भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री के काफिले में अब सिर्फ 8 वाहन शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- राष्ट्रहित में ईंधन की खपत कम करना समय की जरूरत है। इसकी शुरूआत सरकार खुद करेगी। सरकार ने यह भी तय किया है कि नवनियुक्त निगम-मंडल पदाधिकारी सादगी के साथ कार्यभार ग्रहण करेंगे। ईंधन बचत सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। वहीं मंगलवार को भोपाल में मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह ई-रिक्शा से पदभार ग्रहण करने पहुंचे। हालांकि, उनके साथ समर्थकों का कार और बाइक काफिला भी नजर आया।

मध्य प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन भी ई-रिक्शा से भाजपा कार्यालय पहुंचे।



## जस्टिस साइकिल चलाकर हाई कोर्ट पहुंचे

वहीं मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल भी करीब 3 किलोमीटर साइकिल चलाकर हाई कोर्ट पहुंचे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा- यह सोच गलत है कि हाई कोर्ट के जज साइकिल से नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो, सभी लोगों को साइकिल चलाकर पेट्रोल-डीजल की बचत करना चाहिए।

उन्होंने इसे पर्यावरण और देशहित से जुड़ा विषय बताया। वे मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा से प्रेरित होकर साइकिल चला रहे हैं। इस दौरान हाई कोर्ट के कुछ कर्मचारियों ने भी बैग और टिफिन लेकर साइकिल से आने-जाने की पहल की।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भोपाल के शिवाजी नगर स्थित अपने सरकारी आवास से ई स्कूटी के जरिए पंचानन भवन पहुंचे। लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण के पदभार ग्रहण में शामिल हुए। इसके बाद वे ई स्कूटी से ही मंत्रालय पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रहित में पेट्रोल डीजल की बचत करने का आह्वान किया है। हमें वर्तमान के साथ आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण भी ठीक रखना है। इसका अनुसरण करें। मैं बाहर जिलों के दौरे पर जाऊंगा तो ट्रेन या कार का उपयोग करूंगा। उन्होंने कहा- स्कूटी का उपयोग करूंगा। भोपाल, ग्वालियर में यदि अतिआवश्यक कार्य से जाना है तो कार का भी उपयोग करूंगा। लेकिन जहां तक संभव होगा ई स्कूटी का उपयोग करूंगा।

## कांग्रेस बोली- सत्ता में बैठे लोगों के लिए अलग नियम

कांग्रेस ने  पर लिखा–सौभाग्य सिंह ठाकुर को मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उज्जैन से भोपाल तक गाड़ियों का लंबा काफिला निकाला गया। कांग्रेस ने इसे लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा- एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी देशवासियों को पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी ही पार्टी के नेता इस अपील की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। कांग्रेस ने इसे ह्लजनता के लिए त्याग और सत्ता में बैठे लोगों के लिए अलग नियमह्व करार दिया।

■ वर्ष-12 अंक-189 मूल्य- 2 रु. | मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल | मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

**सुभाषितानि**

दानानां च समस्तानां चत्वायेर्तानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा।।

**भावार्थ** : कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 13 मई, 2026

आचार्य पुस्तक निवास सहाय वासो।
बाह्या इमे पठन पञ्चगुणा नराणाम्।।

**भावार्थ** : आचार्य, पुस्तक, निवास, मित्र और वस्त्र ये पाँच बाह्य गुण हैं जो पढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

## सम्पादकीयम्

### वैवाहिकबलात्कार

न तु वैवाहिकबलात्कारः प्रकरणस्य सुनवायीकाले मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयेन अवलोकितं यत् यद्यपि शिकायतया आरोपाः तर्कार्थं सत्यत्वेन स्वीकारणीयाः सन्ति तथापि प्रश्ने कृतानि कार्याणि वैवाहिकसम्बन्धस्य परिधिमध्ये एव अभवन् फलतः भारतीयदण्डसंहितायां धारा ३७७ अन्तर्गतं एतादृशाः कार्याणि आपराधिकं अपराधं न भवन्ति। न्यायालयेन अवलोकितं यत्, २०१३ तमे वर्षे संशोधनस्य अनन्तरं, इदानीं आईपीसी-सङ्घस्य धारा ३७५ मौखिक-अप्राकृतिक-कर्मणां वर्गीकरणं बलात्काररूपेण करोति। परन्तु स्वपत्न्या सह पुरुषेण कृतं मैथुनं वा यौनक्रिया वा बलात्कारः न गण्यते इति नियमस्य अन्तः अद्यापि अपवादः वर्तते अपवादस्य विस्तारः वर्तमानकानूनीरूपरेखायाः अन्तर्गतं यदि पत्नी प्रौढा अस्ति तर्हि तस्याः सहमतिस्य अभावस्य कानूनी महत्त्वं नास्ति। एतदेव कारणं यत् पतिः वैवाहिकबलात्कारस्य अभियोगं न करोति। परन्तु विडम्बना अस्ति यत् बलात्कारस्य व्याप्तेः विस्तारः अप्रमादेन अस्य अपवादस्य व्याप्तेः तदनुरूपं विस्तारं कृतवान् यद्यपि वैवाहिकबलात्कारस्य अभियोगात् पतयः पूर्वमेव अभियोगात् मुक्ताः आसन् तथापि बलात्कारस्य परिभाषायां अप्राकृतिककर्मणां समावेशस्य अर्थः अभवत् यत् एतादृशाः कार्याणि भार्यायाः विरुद्धं क्रियमाणे सति अपि अस्मिन् एव अपवादस्य अन्तर्गतं भवन्ति सहमतिस्य अप्रासंगिकता : यदि कश्चन महिला कस्यापि स्त्रियाः इच्छाविरुद्धं यौनसम्बन्धं करोति तर्हि तत् बलात्कारः इति न्यायेन उक्तम्।

ऊर्जासंकटस्य जलवायुपरिवर्तनस्य च मध्यं

## मीथेन उत्सर्जनेन वैश्विकचिन्ता वर्धते




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेन्सी इत्यस्य नवीनतमेन प्रतिवेदनेन इति वैश्विक ऊर्जाक्षेत्रस्य अन्तः मीथेन उत्सर्जनस्य विषये आश्चर्यजनकं अन्वेषणं प्रकाशितम् अस्ति, यत् ऊजार्सुरक्षायाः पर्यावरणसंरक्षणस्य च विषये सम्पूर्णं विश्वं प्रमुखं विरोधाभासं प्रस्तुतं करोति। प्रतिवेदनानुसारं २०२५ तमे वर्षे ऊर्जाक्षेत्रात् मीथेन-उत्सर्जनं अभिलेखस्तरस्य समीपे एव अभवत्, येन सूचयति यत् भव्यवैश्विकप्रतिज्ञानां अभावेऽपि स्थले परिवर्तनस्य गतिः अत्यन्तं मन्दः एव अस्ति मीथेन्-प्रायः अगोचरवायुः इति मन्यते-कार्बनडाय-आक्साइड्-आक्साइड्-इत्यस्मात् बहुगुणाधिकं ताप-जाल-क्षमता अस्ति। एते लीकाः मुख्यतया तैलकूपाः, गैसपाइपलाइनाः, अङ्गारखानानि च इत्यादिषु स्थलेषु भवन्ति-एत एव स्रोतः यस्मात् विश्वं ऊजार्याः आवश्यकतां पूरयति

इदं प्रतिवेदनं स्पष्टं चेतावनीम् अयच्छति यत् मीथेन लीकेजः केवलं जलवायुपरिवर्तनस्य विषयः नास्ति, अपितु वैश्विक ऊजार्सुरक्षायाः प्रत्यक्षतया सम्बद्धः विषयः अस्ति। अन्तिमेषु मासेषु पश्चिम एशियायां वर्धमानानाम् तनावानां मध्ये, होर्मुज् जलसन्धिस्थे संकटस्य च मध्ये---एतेषु घटनासु विश्वस्य एलएनजी-आपूर्तिं प्रायः २० प्रतिशतं बाधितं जातम्-एतत् स्पष्टं जातं यत् ऊजार्संकटस्य समाधानं बहुधा सम्भवं यदि मीथेनस्य एतत् परिहार्यं लीकेजं नियन्त्रितं भवति प्रतिवेदनस्य आँकडानि सूचयन्ति यत् यदि राष्ट्राणि वर्तमानकाले उपलब्धानां प्रौद्योगिकीनां प्रभावीरूपेण उपयोगं कुर्वन्ति तर्हि प्रतिवर्षं प्रायः २०० अरब घनमीट 'गैसस्य रक्षणं कर्तुं शक्यते। अद्यतन-अन्तर्राष्ट्रीय-संकटेषु यत् आपूर्तिः बाधिता आसीत् तस्मात् दुगुणाधिकम् अस्ति एतत् परिमाणम्।

इत्यस्य मुख्य ऊर्जा अर्थशास्त्री इत्यस्य मतं यत् लक्ष्यनिर्धारणं केवलं प्रथमं सोपानम् एव; वास्तविकं आव्हानं तान् भूमौ ठोसकार्यरूपेण अनुवादयितुं वर्तते। तस्य मते अद्यत्वे उपलब्धानां विद्यमानप्रौद्योगिकीनां उपयोगेन मीथेन-उत्सर्जनस्य प्रायः ७० प्रतिशतं न्यूनीकरणं कर्तुं शक्यते, अस्य महत्त्वपूर्णं भागं अतिरिक्तं आर्थिकभारं विना निवारणं कर्तुं शक्यते एतासां क्षमतानां अभावेऽपि अस्याः समस्यायाः स्थायित्वं कार्यन्वयनान्तरं प्रकाशयति-वास्तविकनिष्पादने न्यूनता। अस्मिन् सम्पूर्णे आख्याने अङ्गारः एकं पात्रं रूपेण उद्भवति यस्य चर्चा प्रायः अत्यल्पं भवति, तथापि सः मीथेन-उत्सर्जनस्य विशालः स्रोतः भवति ऊर्जाचिन्तनटङ्कस्य एम्बे इत्यस्य विश्लेषकाः डॉ. सबीना अस्सन्, राजशेखर मोड्डुगु च स्पष्टीकृतवन्तौ यत् कोयलाखननस्य समये मुक्तं मीथेनं गृहीतुं उपयोगाय च प्रौद्योगिकीः अवश्यं विद्यन्ते तथापि सम्प्रति तेषां कृते पर्याप्तं ध्यानं न प्राप्यते। भारतसदृशानां विकासशीलराष्ट्रानां कृते एषः विषयः विशेषतया संवेदनशीलः अस्ति, यत्र ऊर्जाक्षेत्रस्य प्राथमिकमूलरूपेण अङ्गारः कार्यं करोति।

मारवारीजनानाम्

## स्वदेशप्रेमस्य विषये सर्वकारीयविश्वसनीयतायाः संकटः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

गोडवाडः स्वस्य विकासयात्रायां नूतनं मोक्षबिन्दुं पश्यति। महत्त्वाकांक्षिणः योजनाभिः सह प्रमुखाः निगमाः आगच्छन्ति। बृहत् ब्राण्ड्-संस्थाः बृहत्-स्तरीय-निर्माण-एककानि स्थापयन्ति। सेलो इत्यस्य आरम्भः अद्भुतः अभवत्। किलर स्थिरं प्रगतिम् करोति। अन्ये अपि कतिपयानि कम्पनयः कार्यवाही कर्तुं सज्जाः सन्ति। अधुना रोजगारस्य अवसरानां विषये आशायाः वातावरणं प्रचलति। पूर्वस्य अशोकगहलोत्-सर्वकारेण एतत् पहलं कृतम्; एतेन किञ्चित् आत्मविश्वासः उत्पन्नः, नूतनानि द्वाराणि उद्घाटितानि, मारवाडतः उद्योगिनः स्वदेशं प्रति प्रत्यागन्तुं प्रेरिताः च-विशेषतः गोडवाड्-नगरं प्रति। ते क्रमेण सावधानतया च प्रत्यागतवन्तः, यतः अत्र विकासस्य वास्तविकता निगलनीया कटुगोली अस्ति। इतिहासः अपि भयङ्करं छायां क्षिपति। मारवा-नगरे विद्युत् केवलं स्वप्नमात्रं वर्तते, जलं पाताललोके गभीरं निहितं भवति, सर्वकारीयाधिकारिणः च अदृश्य-लुण्ठकाः इव कार्यं कुर्वन्ति। मार्गाः गड्ढाभिः परिपूर्णाः सन्ति, परिवहनसुविधाः च सर्वथा दैवस्य दयायाः अधीनाः सन्ति। तथापि एते प्रवासीजनाः पुनरागच्छन्ति इति तथ्ये आनन्दः अस्ति-लाभस्य अन्वेषणेन न्यूनतया, स्वदेशीयभूमिविषये अखण्डेन स्नेहबन्धेन च अधिकं चालिताः। यदा गेहलोट्-सर्वकारः प्रस्थितवान् तदा सहकार्यस्य भावना शून्यतां प्राप्य अन्तर्धानं जातम्। अधुना मुख्यमन्त्री भजनलालशर्मणा दत्तानां आश्वासनानां उपरि सर्वा आशाः सन्ति। सर्वकाराः आगताः गतवन्तः च; विकासः न आगतः

पञ्चाशत् वर्षपूर्वं गोडवाड-नगरे उद्योगाः स्थापिताः आसन्। फल्ना प्रफुल्लिता; रानी गतिं प्राप्नोत्, सुमेरपुरं च समृद्धम् अभवत्।

## याचिकाकर्ता आरोपितवान् यत् क्रूज-पोतः स्वस्य निर्दिष्ट-क्षमतायाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अद्यपर्यन्तं अस्मिन् दुर्घटने १३ जनानां प्राणाः गताः, अनेके यात्रिकाः अपि चोटिताः अभवन्। याचिकाकर्ता आरोपितवान् यत् क्रूज-पोतः स्वस्य निर्दिष्ट-क्षमतायाः दूरं यात्रिकान् वहति स्म। नौकायां ४३ तः ४७ पर्यन्तं जनाः उपस्थिताः आसन्, यदा तु केवलं २९ टिकटाः एव निर्गताः इति दावाः सन्ति। याचिकायां अपि उल्लेखितम् अस्ति यत् मौसमविभागेन एप्रिल-मासस्य २९ दिनाङ्कात् एव प्रचण्डवायुः, प्रतिकूलमौसमस्य च विषये अलर्टः जारीकृतः आसीत्; एतस्याः चेतावनीयाः अभावेऽपि क्रूज्-कार्यक्रमाः न स्थगिताः। अपि च यात्रायाः आरम्भात् पूर्वं यात्रिकाणां जीवनरक्षकजाकेटं न प्रदत्तम् आसीत्। एकस्याः महिलायात्रिकायाः विवरणं उद्धृत्य याचिकायां उल्लेखः अस्ति यत् नौकायाः जलप्लावनम् आरब्धस्य अनन्तरमेव त्वरितरूपेण अराजकरूपेण च जीवनरक्षकजाकेटाः वितरिताः आसन्।

## राशिफल

**मेष** : आपकी एनर्जी दूसरों को मोटिवेट करती है। पैसा आता-जाता रहेगा, कोई बड़ी दिक्कत नहीं। बस जल्दबाजी में जवाब देने से बचें।

**वृषभ** : लाल वस्तु का दान करना आपके लिए शुभ रहेगा।यह फीलिंग गलत नहीं है। पैसों और काम में स्थिरता रहेगी।

**मिथुन** : काम में फोकस रखोगे तो चीजें आसान रहेंगी। बजरंग बली को प्रणाम करें, फायदा मिलेगा।

**कर्क** : जब अनुशासन खुद से बनाए रखा जाए, न कि जब कोई बाहरी दबाव हो। अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए योग ट्राई करें।

**सिंह** : आत्मविश्वास बनाए रखें। आप संतान की किसी बात से परेशान रहेंगे। पैसों के मामले में लाभ मिलेगा।

**कन्या** : धीरे-धीरे काम करेंगे तो बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार रहेगा। बिजनेस भी सही चलेगा। काम धीरे-धीरे करेंगे तो ठीक रहेगा।

**तुला** : काम ठीक से होता रहेगा, ज्यादा टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। धीरे-धीरे काम करेंगे तो बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** : छोटी-छोटी बातें मन को खुश करती हैं। शांत रवैया विचारों को आसानी से साझा करने और तनाव कम में मदद करता है।

**धनु** : एक-दूसरे के लक्ष्य को समझने से चीजें आसान हो जाएंगी। मामूली मौद्रिक मुद्दे हो सकते हैं।

**मकर** : आसान योजनाएं शांति लाती हैं। संतुलित मानसिकता रखें और खुद पर भरोसा रखें। ऑफिस में आपका ध्यान केंद्रित रहेगा।

**कुंभ** : छोटी-छोटी जीत से मोटिवेटेड महसूस कर सकते हैं। बस जो मिल रहा है, उसे संभालकर रखें।

**मीन** : ईमानदार लेकिन सभ्य रहें। आज थोड़ा संभलकर रहना बेहतर है। काम चलता रहेगा, लेकिन उम्मीद ज्यादा न रखें।

卐 卐 卐 ज्योतिष/वास्तु 卐 卐 卐

## गुरु ग्रह के नक्षत्र में शुक्र का प्रवेश करने से 4 राशियों की बदलेगी किस्मत

शुक्र ग्रह के गुरु के नक्षत्र में प्रवेश से 4 राशियों की किस्मत चमक सकती है। जानें किन राशियों को मिलेगा धन, करियर, प्रेम और सुख-समृद्धि का शुभ लाभ।

ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को सुख, वैभव, प्रेम और भौतिक आनंद का कारक माना जाता है। जब शुक्र किसी शुभ नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तो इसका प्रभाव कई राशियों के जीवन पर सकारात्मक रूप से देखने को मिलता है। मई 2026 के अंत में शुक्र गुरु के स्वामित्व वाले पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं, जिसे बेहद शुभ माना जाता है। इस दौरान कुछ राशियों के जातकों को आर्थिक लाभ, रिश्तों में मजबूती और करियर में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। 31 मई से 11 जून तक का यह समय खासतौर पर 4 राशियों के लिए बेहद लाभकारी रहने के संकेत दे रहा है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए शुक्र का पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश बेहद सकारात्मक परिणाम देने वाला माना जा रहा है। इस दौरान प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और पार्टनर के साथ रिश्ते पहले से अधिक मजबूत हो सकते हैं। जो लोग लंबे समय से रिश्तों में चल रही गलतफहमियों से परेशान थे, उन्हें राहत मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी और परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। करियर के क्षेत्र में भी यह समय लाभदायक साबित हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो भविष्य में तरक्की का रास्ता खोलेंगी। व्यापार करने वाले जातकों को नए संपर्कों से लाभ मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। मानसिक रूप से भी जातक खुद को पहले से अधिक शांत और संतुलित महसूस करेंगे।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के लोगों के लिए शुक्र का यह नक्षत्र परिवर्तन जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता लेकर आ सकता है। करियर में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जिससे पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के संकेत हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को धन लाभ मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में यह समय अनुकूल रहेगा और आय में वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक जीवन में खुशियों का माहौल बना रहेगा। प्रेम संबंधों में चली आ रही दूरियां कम होंगी और रिश्तों में मजबूती आएगी। मानसिक तनाव धीरे-धीरे कम होगा और जीवन में स्थिरता का अनुभव होगा। सकारात्मक सोच के कारण कई महत्वपूर्ण फैसले लेने में सफलता मिल सकती है।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए शुक्र का पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर बेहद शुभ माना जा रहा है। इस दौरान आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और व्यक्तित्व में खास आकर्षण देखने को मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ सकता है और लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। करियर में नए अवसर मिलने के संकेत हैं, खासतौर पर उन लोगों को फायदा हो सकता है जो नई नौकरी या प्रमोशन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रेम जीवन में यह समय बेहद रोमांटिक रह सकता है। रिश्तों में गहराई बढ़ेगी और पार्टनर के साथ आपसी समझ बेहतर होगी। शादीशुदा जीवन में भी खुशियां बनी रहेंगी। आर्थिक रूप से यह समय पहले से अधिक मजबूत स्थिति देने वाला साबित हो सकता है। निवेश से जुड़े मामलों में लाभ मिलने की संभावना है और लंबे समय से अटके हुए धन की प्राप्ति भी हो सकती है।

**धनु राशि-** धनु राशि के जातकों के लिए शुक्र का यह नक्षत्र परिवर्तन कई मामलों में लाभदायक साबित हो सकता है। करियर और व्यापार में तेजी से प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए यह समय अनुकूल रहेगा और मेहनत का अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जिससे तरक्की के अवसर बढ़ सकते हैं। व्यापार में लाभ होने के योग हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। प्रेम जीवन में आत्मविश्वास बढ़ेगा और रिश्तों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। जो लोग अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने की सोच रहे हैं, उनके लिए समय अनुकूल रह सकता है। भाग्य का साथ मिलने से रुके हुए कार्य पूरे होंगे और समाज में मान-सम्मान बढ़ने की संभावना है।

## खबर एक नजर...

### पुराने विवाद में किसान पर चाचा-भतीजे ने किया हमला

**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम कुंडला में किसान तेजराम पिता नृसिंह जाट 42 साल पर पुराने विवाद में हीरालाल और उसके भतीजे राधेश्याम ने लाठियों से हमला कर दिया। गंभीर घायल होने पर तेजराम को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। उन्हेल पुलिस ने मामले में चाचा-भतीजे के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। घायल तेजाराम के अनुसार 3 माह पहले बकरा-बकरी खेत में जाने की बात पर विवाद हुआ था। उसी विवाद में दोनों ने हमला किया है। उसके पास 20 बीघा जमीन है वहीं हीरालाल और उसके भतीजे के पास 2 बीघा जमीन है। दोनों के खेत पास-पास है। सेड़ा फाटने पर भी विवाद हो चुका था।

### रिक्शा चालक ने मैजिक चालक के साथ की मारपीट

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के जवासिया तालाब के पास मैजिक चालक मुकेश पिता विक्रम सिसौदिया 52 साल निवासी नीलकंठ चिंतामण के साथ रिक्शा चलाने वाले शंकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और घायल कर भाग निकले। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने मुकेश की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि दोनों चिंतामण रोड से अपने वाहन चलाने का काम करते है। मुकेश जवासिया से फतियाबाद तक मैजिक चलता है। दोनों के बीच सवारी बैठाने की बात पर विवाद हुआ था। पुलिस के अनुसार रिक्शा चालक की तलाश जारी है। उसके हिरासत में आने पर मारपीट में शामिल साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### पांच हजार नहीं देने पर युवक को मिली मारने की धमकी

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलियाहामा में रहने वाले संदीप पिता दिनेश कुमावत 29 साल को सोमवार देर रात पुलिस उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। मेडिकल परीक्षण के बाद संदीप की शिकायत पर लखन, रुपेश, बंटी, कुलदीप, धर्मेन्द्र और अन्य के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार संदीप ने बताया कि ग्राम ढाबला धुता में भैरु महाराज के मंदिर के पास सभी ने रोका और शराब पीने के लिये पांच हजार रुपए मांगे। पूर्व में उसके अर्जुन और लखन के बीच विवाद हुआ था। जिसमें उसने बीच-बचाव किया था। उसके बाद से ही सभी आरोपी उससे रंजीश भी रखते है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला को ब्लैकमेल कर जेल प्रहरी के पुत्र ने किया दुष्कर्म

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर जेल प्रहरी के पुत्र के खिलाफ ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि शासकीय क्वार्टर में रहने वाले प्रहरी सत्यनारायण सक्सेना का पुत्र आयुष पिछले तीन सालों से उसके साथ गलत काम कर रहा था। उसे ब्लैकमेल कर बदनाम करने की धमकी देता था। जब उसकी हरकतों का विरोध किया तो मारपीट करने लगा। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। वहीं आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। ऐसा ही एक मामला महिला थाना पुलिस द्वारा भी दर्ज किया गया है। मक्सीरोड पाटपाला क्षेत्र की रहने वाली 30 वर्षीय महिला को शादी का झांसा देकर कंचनपुरा में रहने वाला गौरव नामक युवक 2 साल से शोषण कर रहा था। युवक ने कुछ समय पहले शादी से इंकार कर दिया और दूसरी जगह शादी कर ली। बताया जा रहा है कि शिकायत दर्ज कराने वाली महिला विवाहित थी गौरव ने उसका पति से तलाक भी करा दिया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 256/3 | 269/7 |
| मेन बाजार | 388/9 | 340/7 |
| मिलन डे | 588/1 | 130/4 |
| मिलन नाइट | 570/2 | 289/9 |

2 3 6


## देर शाम तक चलती गर्म हवा, 2010 में दर्ज हुआ था 46 डिग्री

# गर्मी ने मचाई तबाही, तापमान पहुंचा 44.4 डिग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सूरज आग उगल रहा है। गर्मी तबाही मचाने लगी है। मंगलवार को सीजन का सबसे अधिक तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवा देर शाम तक महसूस हो रही थी। मौसम विभाग ने लू का अलर्ट जारी किया है।

अप्रैल माह के अंतिम दिनों में 43 डिग्री पहुंचे तापमान के बाद मौसम में बदलाव आ गया था। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से तापमान 40 डिग्री के नीचे आ गया था, लेकिन एक बार फिर सूरज आग उगलने लगा है और गर्मी तबाही मचाने लगी है। मंगलवार सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया। शाम की आर्द्रता का प्रतिशत 22 रहा, वहीं सुबह 44 प्रतिशत रहा था। दिन के साथ ही अब रात के तापमान में भी तेजी आने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग ने पूर्व में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी कर दिया था, जो अब सटिक साबित होता दिखाई दे रहा है। वेधशाला पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता के अनुसार आगामी दिनों में भी गर्मी से राहत मिल पाना मुश्किल दिखाई दे रहा है। वर्तमान में उत्तर-पश्चिमी की ओर से राजस्थान की गर्म हवा का रूख शहर की ओर बना हुआ है। जिससे लू चलने का खतरा बढ़ गया है। हवा 4 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली रही है। जिसके आगामी दिनों में 10 किलोमीटर प्रतिघंटा होने की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान में आई तेजी से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा दिखाई देने लगा था। पॉश कालोनियों में कर्फ्यू जैसे हालत बने हुये थे।



### 15 साल पहले पहुंचा था 46 डिग्री

वेधशाला पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता के अनुसार वर्ष 2010 में शहर का तापमान 46 डिग्री दर्ज हुआ था। उस दौरान झुलसा देने वाली गर्मी महसूस की गई थी। एक बार फिर भीषण गर्मी का दौर दिखाई दे रहा है। इस सीजन में 25 अप्रैल और 11 मई को तापमान 43 डिग्री दर्ज हुआ था। लेकिन अब आग उगलते सूरज से 2010 का रिकार्ड टूटने की संभावना दिखाई देने लगी है। दिन के बढ़ते तापमान के साथ रात का तापमान भी बढ़ेगा। इस सीजन में न्यूनतम 28 अप्रैल को 26 डिग्री पहुंचा है। वर्ष 2025 में 29 अप्रैल को 27 और 21 अप्रैल 2022 को 27. 5 डिग्री दर्ज हुआ था। वैसे न्यूनतम का रिकार्ड पूर्व 30 से 31 डिग्री तक का रहा है।

### एसी और जम्बो कूलर से राहत

बढ़ते तापमान में पंखे और छोटे कूलर पूरी तरह से दम तोड़ चुके है। गर्मी से राहत सिर्फ एसी और जम्बो कूलर से मिल पा रही है। ऑफिस-कार्यालयों और प्रतिष्ठनों पर जम्बो कूलर दिखाई दे रहे है। पुलिस को भी थानों की लॉकअप में बंद मुल्जिमों के लिये कूलर लगाने पड़ रहे है। सबसे ज्यादा मुसीबत में दिहाड़ी मजदूर दिखाई दे रहे है। जो 44 डिग्री पहुंच चुके तापमान में भी दो जून की रोटी के लिये आग उगलते सूरज की तपन में काम कर रहे है।

## कानीपुरा मार्ग पर चैकिंग में बाइक सवार 2 युवकों के पास मिला गांजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार 2 युवकों को पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। शंका होने पर दोनों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया तो उनके पास से 90 हजार का गांजा बरामद हो गया। दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की गई है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि रात में कानीपुरा मार्ग प्रतिक्षालय के पास एएसआई दिनेश सरोठिया, आरक्षक मनोज मोहवे, सर्वेश और सुनील निहाले के साथ पाइंट लगाकर वाहन चैकिंग शुरू की गई थी। इसी दौरान बाइक क्रमांक एमपी 39 एमई 4036 पर 2 युवक आते दिखाई दिये। दोनों ने वाहन चैकिंग होती देखी तो बाइक पलटाकर भागने का प्रयास करने लगे। शंका होने पर चैकिंग टीम ने घेराबंदी कर पीछा किया और दोनों को रोक लिया। पूछताछ करने पर सिकंदर पिता शेरू खान 43 साल निवासी दुर्गा कॉलोनी मकोड़िया आम नाका और सद्दाम पिता जुम्मा खां 35 साल निवासी फातमा मस्जिद कॉलोनी आगर मालवा सामने आये। उनके पास मौजूद थैली की तलाशी ली गई तो उसमें रखे 9 पैकेट मिले। जिन्हे खोलने पर उसमें गांजा रखा होना पाया गया। अवैध मादक पदार्थ परिवहन करते हिरासत में आये दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर बाइक जप्त की है। बरामद गांजा 9 किलो 142 ग्राम है। जिसकी कीमत 90 हजार रुपए है। वही जप्त की गई बाइक 60 हजार कीमत की है। मामले में एएसआई सरोठिया ने बताया कि दोनों आरोपियों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से 15 मई तक पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। गांजा आगर के रास्ते लाना सामने आ रहा है। एक टीम गांजा उपलब्ध कराने वालों की तलाश में आगर भेजी जा सकती है।

## शाम को पेड़ पर लटका मिला 4 बच्चों का पिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




**सुबह घर में किया था फांसी लगाने का प्रयास**

शराब पीने का आदी चार बच्चों का पिता मंगलवार सुबह से मरने का प्रयास कर रहा था। उसने घर में फांसी लगाने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने बचा लिया, उसके बाद वह घर से निकल गया, शाम को खेत में पेड़ पर लटकी उसकी लाश मिली।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कोलूखेड़ी के शाम को एक खेत में जामुन के पेड़ पर दुपट्टे नुमा फंदे पर गेंदा पिता भीमानाथ 42 साल का शव ग्रामीणों ने लटका देख परिजनों और पुलिस को सूचना दी। एएसआई कैलाश चौहान घटनास्थल पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। इस दौरान मृतक के साथ आये परिजनों ने बताया कि गेंदानाथ 4 बच्चों का पिता था और फेरी लगाकर साबुन के टब बेचने का काम करता था। गेंदानाथ शराब पीने का आदी भी था, सुबह उसने घर में फांसी लगाने का प्रयास किया था उस वक्त बच्चों ने उसे बचा लिया था। उसके बाद दिन में घर से निकल गया था। एएसआई चौहान के अनुसार बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेंगे। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

**भोपाल के युवक ने लगाई फांसी-** नीलगंगा थाना क्षेत्र के शिव परिसर में मूलरूप से भोपाल में रहने वाले युवक अभिषेक पिता रामरतन 25 साल ने मंगलवार सुबह घर में फांसी लगा ली। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि रिश्तेदारों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। एसआई साहू के अनुसार मृतक के माता-पिता भोपाल में रहते है। वह रिश्तेदारों के साथ उज्जैन में रहता था। उसने फांसी क्यों लगाई इसकी वजह सामने नहीं आई है। परिजनों और रिश्तेदारों के बयान दर्ज किये जायेंगे। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट मिलना भी सामने नहीं आया है।

# झांसे में फंसे होटल मैनेजर ने गवाये 3.25 लाख रुपये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

786 नम्बर के नोट पर लाखों रुपए मिलने के झांसे में फंसे होटल मैनेजर ने 3.25 लाख रुपए गवा दिये। ठगी के बाद ऑनलाइन शिकायत की गई। पुलिस ने अब मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि होटल रूद्राक्ष में मोहन पिता लीलप्रसाद श्रेष्ठा निवासी अघाखंची छतरदेव गाबीसा 05 लुम्बनी नेपाल मैनेजर है। उन्हे 786 नम्बर के नोट का कलेक्शन करने का शौक है। उनके पास कई नोट इसी नम्बर की सीरिज के है। जनवरी-फरवरी माह के बीच उन्होने सोशल मीडिया पर आने वाले उक्त नम्बरों के नोट के बदले लाखों रुपए मिलने का विज्ञापन देखा था। जिसके झांसे में फंसकर उन्होने अपने पास मौजूद नम्बरों के नोट का फोटो संबंधित विज्ञापन प्रसारित करने वाले को भेजे। उन्हे झांसे में लेकर रजिस्ट्रेशन की बात कहीं गई और अलग-अलग नाम पर 3.25 लाख रूपयों का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया गया। लेकिन 786 नम्बर के नोटों के बदले उन्हे कुछ नही दिया गया। अपने साथ ठगी होने पर उन्होने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी के अनुसार 3 माह बाद शिकायत का निराकरण नहीं होने पर मामला पुलिस के पास पहुंचा। जिसके चलते मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। ऑनलाइन हुये ट्रांजेक्शन की जानकारी बैंक के माध्यम से प्राप्त की जा रही है। उसके बाद आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।



### मैसेज मिला खाते से निकले 1.30 लाख

ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक मामला इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सिजावता में रहने वाले बंटी पिता नाथुलाल खटीक के साथ हुआ। उसे 14 अप्रैल को मोबाइल पर मैसेज मिला कि बैंक ऑफ इंडिया और एक अन्य बैंक के खाते से 1.30 लाख का ट्रांजेक्शन हुआ है। बंटी ने बिना ओटीपी, पिन नम्बर बताये खाते से निकले रुपए की ऑनलाइन शिकायत सायबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई। लेकिन खाते से निकले रुपए वापस खाते में नहीं आये। जिसके बाद मामला इंगोरिया थाना पुलिस के पास पहुंचा। थाना प्रभारी दीपेश व्यास के अनुसार धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### इधर पीएचई कर्मी से हुई धोखाधड़ी

धोखाधड़ी का एक मामला देवासगेट थाना पुलिस ने 23 दिन की जांच के बाद दर्ज किया है। प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 17 अप्रैल को पीएचई कर्मी अशोक पिता स्व.कृष्ण गोपाल शर्मा 56 वर्ष निवासी देपालपुर हाल मुकाम राजस्व कालोनी फ्रीगंज मालीपुरा मार्ग स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने पहुंचे थे। रुपए नहीं निकलने पर एटीएम में खड़े युवक ने नम्बर सही नहीं डालने की बात कहीं और एटीएम लेकर पिन पूछा। अशोक शर्मा ने पिन बता दिया लेकिन युवक ने एटीएम कार्ड बदल दिया और रुपए नहीं निकलने का बोलकर चला गया। अशोक शर्मा भी लौट गये, लेकिन कुछ देर बाद खाते से 56 हजार रुपए निकलने का मैसेज मिला। उन्होने आवेदन देकर शिकायत की थी। जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com